दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश में प्रसारित!

R.N.I.68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा बुधवार 03 दिसम्बर 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 903



## संक्षिप्त खबरें ।

### भारत और फ्रांस के बीच राफेल मरीन विमानों की डील में नई प्रगति



**लोक तंत्र की आवाज़**
**प्रबंध संपादक शैलेश कुमार द्वारा**

**नईदिल्ली।** भारत और फ्रांस के बीच राफेल मरीन विमानों की डील में नई प्रगति हुई है। भारतीय नौसेना के प्रमुख ने बताया कि 2029 तक चार राफेल विमानों का पहला सेट प्राप्त होगा। इस डील के तहत कुल 26 विमानों की खरीद की जाएगी। जानें इस डील के पीछे की रणनीति और भारतीय नौसेना की आवश्यकताएं। भारत और फ्रांस के बीच संबंध एक नई दिशा में बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। पहले भारतीय सेना ने अपने स्क्वाड्रन के लिए राफेल का चयन किया था, और अब भारतीय नौसेना ने भी राफेल को प्राथमिकता दी है। भारतीय नौसेना के प्रमुख, एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। भारत अगले कुछ महीनों में फ्रांस से 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमानों की खरीद को अंतिम रूप देने की योजना बना रहा है। एडमिरल त्रिपाठी ने बताया कि हमें उम्मीद है कि 2029 तक भारतीय नौसेना को चार राफेल विमानों का पहला सेट प्राप्त होगा। इस खरीद को जुलाई 2023 में रक्षा मंत्रालय द्वारा मंजूरी दी गई थी।

**राफेल विमानों की डिलीवरी की समयसीमा :** पहले चार राफेल मरीन जेट 2029 के अंत तक उपलब्ध होंगे। इसके बाद, 2030 में पांच और 2031 तक शेष 26 विमानों को नौसेना में शामिल किया जाएगा। राफेल एम भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस विक्रांत के लिए उपयुक्त है। वर्तमान में, ग्रीस, इंडोनेशिया और यूएई की सेनाएं भी राफेल एम का उपयोग कर रही हैं। दिलचस्प बात यह है कि भारतीय नौसेना ने अमेरिकी फाइटर जेट एफ/ए–18 सुपर हॉर्नेट को खारिज कर दिया है, जिसे इस साल की शुरुआत में परीक्षण किया गया था।

**भारतीय नौसेना की आवश्यकताएं :** भारतीय नौसेना का मानना है कि राफेल उसकी आवश्यकताओं को बेहतर तरीके से पूरा कर सकता है। नौसेना 43 पुराने रूसी फाइटर जेट मिग–29K और मिग–29KUB को अपने बेड़े से हटाना चाहती है। कई विमानों पर विचार करने के बाद, अंतिम चयन राफेल एम और एफ–18 के बीच हुआ। फ्रांसीसी नौसेना के पास वर्तमान में 240 राफेल एम जेट हैं।

# बिहार विस चुनाव में हार के साइड इफेक्ट, कांग्रेस से पिंड छुड़ाना चाहते हैं 'इंडिया' के घटक दल, टीएमसी के रुख से खुल गई बात

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पटना।** संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत के पहले कांग्रेस ने इंडिया ब्लॉक की बेटा बुलाई. मतदाता पुनरीक्षण के विशेष अभियान (एसआईआर) पर राहुल गांधी के हल्ला बोल से सहमत होने के बजाय ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने बैठक से दूर रहना ही मुनासिब समझा. बिहार चुनाव में आरजेडी से कांग्रेस की अनबन अब किसी से छिपी नहीं है. कोआर्डिनेशन में तेजस्वी यादव अगर नाकाम रहे तो कांग्रेस ने पूरे चुनाव को अपनी शर्तों से पेचीदा बना दिया. महाराष्ट्र में यहां विकास आघाड़ी (MVA) में अनबन अलग सिरदर्द है. यूपी चुनाव में भी कांग्रेस को समाजवादी पार्टी शायद ही तरजीह दे. ऐसे में इंडिया ब्लॉक की एकजुटता संदिग्ध लग रही है।

**बिहार चुनाव से शुरू हुई खटपट :** बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद से ही विपक्षी दलों के महागठबंधन (इंडिया) के भीतर सिर फुटौवल की स्थिति पैदा हो गई है. कांग्रेस अलग समीक्षा बैठक कर रही है तो आरजेडी अलग. अभी तक महागठबंधन की सभी पार्टियां एक साथ बैठक कर यह पता लगाने की कोशिश से बचती रही हैं कि महागठबंधन की ऐसी दुर्गति क्यों हुई. कांग्रेस ने दिल्ली में बैठक की तो आरजेडी ने प्रमंडलवार बैठकों का सिलसिला शुरू किया है. अभी तक सिर्फ 3 प्रमंडलों की समीक्षा हुई है, जिसमें आरजेडी ने 300 भितरघातियों का पता लगाया है. उनके खिलाफ एक्शन लेने की तैयारी है. कांग्रेस और आरजेडी में अनबन की स्थिति का अंदाज इससे भी लगाया जा सकता है कि महागठबंधन विधायक दल की बैठक से कांग्रेसी विधायकों ने दूर रहना ही मुनासिब समझा. हालांकि इस बैठक में कांग्रेस के 4 विधायकों के गैरहाजिर रहने के बावजूद तेजस्वी यादव को सर्वसम्मत महागठबंधन विधायक दल का नेता चुन लिया गया।

**महागठबंधन की सियासत में बड़ा ट्विस्ट :** चुनावी हार के बाद गठबंधन में दरारें साफ दिख रही हैं. विधानसभा चुनाव 2025 में कुल 243 में एनडीए की 202 सीटों पर भारी जीत हुई है. महागठबंधन सिर्फ 35 सीटों पर सिमट गया है. महागठबंधन की पार्टियों में आरजेडी को 25, कांग्रेस को 6 और वामपंथी दलों को 5 सीटें मिली हैं. तेजस्वी यादव इस हार को पचा नहीं पा रहे. उन्हें अब भी लगता है कि एनडीए ने महिलाओं को 10 हजार रुपए देकर उनके वोट खरीद लिए. ईवीएम और वोट चोरी का आरोप तो विपक्ष का शाश्वत कार्य है. बिहार में एनडीए की जीत को विपक्ष चुनाव आयोग की करिश्मा बताता है. बहरहाल, हार के बाद महागठबंधन के आंतरिक कलह ने सिर उठा लिया है. तेजस्वी ने 29 नवंबर को महागठबंधन के विधायकों की बैठक बुलाई तो कांग्रेस के 4 विधायक पहुंचे ही नहीं।

### कांग्रेस ने की समीक्षा बैठक

कांग्रेस के इस बार 6 विधायक निर्वाचित हुए हैं. कांग्रेस के सभी विधायक महगठबंधन का नेता चुनने के लिए तेजस्वी की बुलाई बैठक में नहीं पहुंचे. इसके बजाय कांग्रेस ने दिल्ली में अपनी अलग समीक्षा बैठक की. बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने हार के कारणों का खुलासा किया. उन्होंने बताया कि सीट शेयरिंग विवाद के अलावा आरजेडी का महागठबंधन पर अधिक दबदबा अन्य कारणों के अलावा हार की मुख्य कारण रहा. कांग्रेस जिस दिन दिल्ली में समीक्षा बैठक कर रही थी, उसी दिन अचानक तेजस्वी यादव भी दिल्ली रवाना हुए. तब माना गया कि वे समीक्षा बैठक में शामिल होने गए हैं.

### कांग्रेसऔर राजद की अनबन की वजहें

विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के पहले से ही कई मुद्दों पर आरजेडी और कांग्रेस के बीच अनबन की स्थिति पैदा हो गई थी. कांग्रेस 70 सीटों से अधिक की मांग पर अड़ी हुई थी. आरजेडी 2020 के परफार्मेंस को देखते हुए कांग्रेस को 40–50 सीटें ही देना चाहता था. इस बार सीटों को लेकर अंतिम समय तक खींचतान होती रही. कांग्रेस चुनाव नतीजों से पहले सीएम का चेहरा भी घोषित नहीं करना चाहती थी.

# घुसपैठियों के लिए नहीं बिछेगा रेड कार्पेट',आखिर किस पर भड़क उठे सीजेआई सूर्यकांत?

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नईदिल्ली।** इस समय रोहिंग्या का मामला काफी गरमाया हुआ है. वहीं अब रोहिंग्या समुदाय से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र सरकार और याचिकाकर्ता दोनों से हिला देने वाले सवाल किए. इस दौरान कोर्ट ने साफ किया कि रोहिंग्या के अधिकारों पर उनकी कानूनी स्थिति तय किए बिना चर्चा नहीं की जा सकती और यह भी पूछा कि क्या भारत सरकार ने कभी उन्हें शरणार्थी घोषित किया है. इस दौरान उखकने तीखे सवाल में पूछा, ₹क्या हमें घुसपैठियों के लिए रेड कार्पेट बिछा देना चाहिए?₹

**भड़क उठे सीजेआई :** चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच एक हेबियस कॉर्पस पिटीशन पर सुनवाई कर रही थी. पिटीशन में आरोप लगाया गया था कि दिल्ली पुलिस ने मई में कुछ रोहिंग्या लोगों को हिरासत में लिया था, और तब से उनका कोई पता नहीं है. पिटीशन में यह भी मांग की गई थी कि अगर उन्हें उनके देश वापस भेजना है, तो यह प्रोसेस कानून के हिसाब से किया जाना चाहिए।

**जानिए क्या बोले सीजेआई :** लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, सुनवाई की शुरुआत में, चीफ जस्टिस ने केंद्र सरकार की तरफ से कोई ऑफिशियल नोटिफिकेशन न होने का हवाला देते हुए पूछा, ₹भारत सरकार का कौन सा ऑर्डर उन्हें 'रिफ्यूजी' घोषित करता है? रिफ्यूजी एक कानूनी तौर पर तय शब्द है. अगर कोई गैर–कानूनी तरीके से आता है, तो क्या उसे यहीं रखना हमारी ज़िम्मेदारी है? बेंच ने पूछा, अगर किसी के पास लीगल स्टेटस नहीं है और वह घुसपैठिया है, तो क्या उसे यहीं रखना हमारी ज़िम्मेदारी है? बेंच ने आगे पूछा, अगर उन्हें भारत में रहने का कोई लीगल हक नहीं है और वे घुसपैठिए हैं, तो क्या हमें नॉर्थ इंडिया के बहुत सेंसिटिव बॉर्डर पर किसी भी घुसपैठिए का स्वागत करने के लिए रेड कार्पेट बिछाना चाहिए?

पिटीशनर के वकील ने साफ किया कि वह रोहिंग्याओं के लिए रिफ्यूजी स्टेटस नहीं मांग रही हैं, बल्कि सिर्फ यह चाहती हैं कि कोई भी डिपोर्टेशन प्रोसेस कानून के हिसाब से हो। सीजेआई ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा, पहले, आप गैर–कानूनी तरीके से घुसते हैं. आप सुरंग खोदकर या बाड़ काटकर भारत में घुसते हैं. फिर आप कहते हैं, 'अब जब मैं आ गया हूं, तो भारतीय कानून मुझ पर लागू होने चाहिए, और मुझे अपने बच्चों के लिए खाना, रहने की जगह और शिक्षा मिलनी चाहिए।

# बिहार में आखिर चुनाव क्यों हार गया महागठबंधन? लंबे मंथन के बाद कांग्रेसियों ने ढूंढा ये चौकानें वाला कारण

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पटना।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शकील अहमद खान ने सोमवार को दावा किया कि बिहार सरकार द्वारा एक योजना के तहत 10 लाख महिलाओं को 10,000 रुपए देने का निर्णय हाल में हुए विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की हार का मुख्य कारण रहा।उन्होंने इस धन अंतरण को ₹घूस₹ करार देते हुए सवाल उठाया कि आचार संहिता लागू होने के बाद कथित रूप से रकम बांटे जाने के बावजूद निर्वाचन आयोग ने कोई कार्रवाई क्यों नहीं की।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने राज्य में सत्ता बरकरार रखी और कुल 243 सीट में से 202 पर जीत दर्ज की जबकि महागठबंधन केवल 41 सीट जीत पाया, जिनमें कांग्रेस की छह सीट शामिल हैं। खान ने कहा, निर्वाचन आयोग को जवाब देना चाहिए कि वह राजग सरकार द्वारा महिलाओं को चुनाव पूर्व 10–10 हजार रुपये दिये जाने पर चुप क्यों रहा। यही रिश्वत हमारी हार का सबसे बड़ा कारण रही। उन्होंने आयोग पर राजग के इशारों पर चलने का आरोप लगाते हुए कहा, इतिहास इसे याद रखेगा। इन्हें (राजग और निर्वाचन आयोग) इसका जवाब देना होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस टिप्पणी पर कि विधानसभा को ₹डिलीवरी पर, न कि ड्रामा पर₹ ध्यान देना चाहिए, कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि प्रधानमंत्री ऐसा कैसे कह सकते हैं। उन्होंने कहा, ₹वे सरकार में हैं, वादों को पूरा करने की जिम्मेदारी राजग की है। विपक्ष की जिम्मेदारी नहीं है।₹ चुनावी परिणामों की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक के इतर पत्रकारों से बातचीत के दौरान खान ने यह बातें कहीं। यह बैठक कांग्रेस की बिहार इकाई के अध्यक्ष राजेश राम की अध्यक्षता में हुई, जिसमें जिलाध्यक्षों और पार्टी के विभिन्न विभागों व प्रकोष्ठों के प्रमुखों ने भाग लिया। कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु भी बैठक में मौजूद थे। खान ने आरोप लगाया कि महागठबंधन की हार ₹सरकारी मशीनरी द्वारा रची गई₹

थी।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस टिप्पणी पर कि विधानसभा को ₹डिलीवरी पर, न कि ड्रामा पर₹ ध्यान देना चाहिए, कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि प्रधानमंत्री ऐसा कैसे कह सकते हैं। उन्होंने कहा, ₹वे सरकार में हैं, वादों को पूरा करने की जिम्मेदारी राजग की है। विपक्ष की जिम्मेदारी नहीं है।₹ चुनावी परिणामों की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक के इतर पत्रकारों से बातचीत के दौरान खान ने यह बातें कहीं। यह बैठक कांग्रेस की बिहार इकाई के अध्यक्ष राजेश राम की अध्यक्षता में हुई, जिसमें जिलाध्यक्षों और पार्टी के विभिन्न विभागों व प्रकोष्ठों के प्रमुखों ने भाग लिया। कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु भी बैठक में मौजूद थे। खान ने आरोप लगाया कि महागठबंधन की हार ₹सरकारी मशीनरी द्वारा रची गई₹ थी।

# राज्य सभा चुनाव में कांग्रेस और बीजेपी समान स्थिति रहने की संभावना, कई हो रहे रिटायर

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नईदिल्ली।** राज्यसभा के आगामी चुनाव में कांग्रेस और भाजपा की स्थिति लगभग समान रहने की संभावना है। दिग्विजय सिंह और मल्लिकार्जुन खड़गे जैसे प्रमुख नेताओं के रिटायरमेंट के साथ, कांग्रेस को सीटों में मामूली बदलाव का सामना करना पड़ सकता है। जानें कि कौन से नेता चुनाव में अपनी जगह बनाए रख सकते हैं और कौन से नए चेहरे सामने आ सकते हैं।

आगामी वर्ष में होने वाले राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव में प्रमुख राजनीतिक दलों की स्थिति लगभग समान रहने की उम्मीद है। सीटों में मामूली बदलाव संभव है। कांग्रेस के पास 27 में से 8 सीटें खाली हो रही हैं, जिससे उसे 8 या 9 सीटें मिल सकती हैं। इसी प्रकार, भाजपा की 30 सीटें भी खाली हो रही हैं, और उसे भी एक या दो सीटें बढ़ने की संभावना है। लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का भविष्य क्या होगा। कई प्रमुख नेता अगले साल रिटायर हो रहे हैं, जिनमें दिग्विजय सिंह का नाम सबसे प्रमुख है। उन्होंने 2003 में मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद 10 साल तक कोई पद नहीं लिया। 2014 में राज्यसभा में शामिल होने के बाद, वे दो बार उच्च सदन के सदस्य रहे हैं और 21 जून को उनका कार्यकाल समाप्त हो रहा है। मध्य प्रदेश में कांग्रेस के 65 विधायक हैं, जिससे उसे एक सीट मिलने की संभावना है। यदि सब कुछ ठीक रहा, तो वे तीसरी बार राज्यसभा में जा सकते हैं।

**कांग्रेस के अन्य प्रमुख नेता:** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का कार्यकाल 25 जून को समाप्त हो रहा है। कर्नाटक में खाली हो रही चार में से तीन सीटें कांग्रेस को मिलेंगी। तेलंगाना से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक सिंघवी का कार्यकाल 9 अप्रैल को समाप्त हो रहा है, और उनका फिर से चुना जाना तय है। वहीं, कांग्रेस के कुछ नेताओं पर खतरा मंडरा रहा है, जैसे गुजरात से शक्ति सिंह गोहिल, छत्तीसगढ़ से केटीएस तुलसी और महाराष्ट्र से रजनी पाटिल। गुजरात और महाराष्ट्र में कांग्रेस को कोई सीट नहीं मिलेगी, जबकि छत्तीसगढ़ में एक सीट मिलने की संभावना है।

# चुनाव आयोग के खिलाफ 3 जिलों में रोष जतायेंगी ममता बनर्जी

**एसआईआर का विरोध**

**लोक तंत्र की आवाज़**



**कोलकोता।** पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस की ओर से रक्फ्का विरोध जारी है. अब तृणमूल सुप्रीमो और राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सीमा से सटे 3 राज्यों में एसआईआर के खिलाफ रैली निकालने का फैसला किया है. मालदा, मुर्शिदाबाद और कूचबिहार में ममता बनर्जी की रैलियां होंगी. पार्टी के एक सूत्र ने यह जानकारी दी है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध जारी रखेंगी. तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने कहा है कि इस सप्ताह वह मालदा और मुर्शिदाबाद में रैलियां आयोजित कर निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची के एसआईआर के खिलाफ रोष जतायेंगी. इसके बाद अगले सप्ताह कूचबिहार में एक जनसभा करेंगी. तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक नेता ने यह जानकारी दी है।

**शरणार्थी बहुल मतुआ क्षेत्र में पिछले सप्ताह ममता ने की थी रैली:** तृणमूल के नेता ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया है कि ममता बनर्जी की ओर से एसआईआर के विरोध का यह दूसरे चरण का अभियान होगा. इससे पहले बंगाल की अग्निकन्या के नाम से विख्यात ममता बनर्जी ने पिछले सप्ताह शरणार्थी बहुल मतुआ क्षेत्र में बनगांव में रैली की थी. उन्होंने आरोप लगाया था कि सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले परिवारों को डराने के लिए एसआईआर का दुरुपयोग किया जा रहा है।

**भाजपा ने एसआईआर को बताया है 'घुसपैठियों का सफाया' अभियान:** ममता बनर्जी के ये कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से एसआईआर को 'घुसपैठियों का सफाया' अभियान बताने के प्रतिवाद में शुरू किया है. तृणमूल नेताओं ने कहा कि मालदा, मुर्शिदाबाद में 3 और 4 दिसंबर को और कूचबिहार में 9 दिसंबर को रैलियां होंगी।

**राजनीतिक रूप से संवेदनशील सीमावर्ती जिलों में होगी रैलियां:** राजनीतिक रूप से संवेदनशील इन 3 सीमावर्ती जिलों में अल्पसंख्यक, प्रवासी और विस्थापित आबादी बहुत ज्यादा है. एसआईआर से उनकी दिक्कतें बढ़ गयीं हैं. मालदा की रैली गजोले में और मुर्शिदाबाद की रैली बरहमपुर स्टेडियम में होगी। उन्होंने बताया कि भाजपा ने तृणमूल पर अवैध प्रवासियों को बचाने और राजनीतिक लाभ के लिए मतदाता सूची के संशोधन (एसआईआर) का विरोध करने का आरोप लगाया है।

### रास मेला मैदान में 9 दिसंबर को होगी ममता बनर्जी की रैली

कूचबिहार की रैली 9 दिसंबर को ऐतिहासिक रास मेला मैदान में होगी. इसे इस ठंड के मौसम में उत्तर भारत में ममता बनर्जी की सबसे बड़ी रैली के रूप में पेश किया जा रहा है. तृणमूल के जिलाध्यक्ष अभिजीत डे भौमिक ने कहा कि 1 दिसंबर को ब्लॉक अध्यक्षों के साथ एक बैठक होगी।

# सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग का दावा, बंगाल और तमिलनाडु में मतदाताओं के नाम काटने के आरोप राजनीति से प्रेरित

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नईदिल्ली।** चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में बंगाल और तमिलनाडु में चल रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) का पुरजोर बचाव करते हुए कहा है कि वास्तविक मतदाताओं के नाम बड़ी संख्या में काटने के आरोप बहुत बढ़ा–चढ़ाकर बताए गए हैं। ये आरोप अंदाजे पर आधारित व राजनीति से प्रेरित हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की पीठ ने 11 नवंबर को द्रमुक, माकपा, कांग्रेस की बंगाल इकाई और तृणमूल कांग्रेस के नेताओं की याचिकाओं पर चुनाव आयोग से अलग–अलग जवाब मांगे थे। इन याचिकाओं में तमिलनाडु और बंगाल में एसआइआर की प्रक्रिया को चुनौती दी गई थी।

**सुप्रीम कोर्ट से याचिकाओं को खारिज करने की मांग:** शीर्ष अदालत में अलग–अलग हलफनामे दाखिल करते हुए चुनाव आयोग के सचिव पवन दीवान ने याचिकाओं को खारिज करने की मांग की। तृणमूल सांसद डोला सेन और अन्य की याचिकाओं पर 26 नवंबर को दायर 81 पृष्ठों के जवाबी हलफनामे में चुनाव आयोग ने कहा कि बंगाल में बड़े पैमाने पर मताधिकार से वंचित करने के आरोप लगाने वाली बात को निहित राजनीतिक फायदे के लिए बढ़ा–चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। बंगाल में 30 प्रतिशत तक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से बाहर होने के आरोपों को गलत बताते हुए आयोग ने बताया कि 99.77 प्रतिशत मौजूदा मतदाताओं को पहले से भरे हुए गणना प्रपत्र दिए जा चुके हैं और 70.14 प्रतिशत प्रपत्र वापस मिल गए हैं। ये आंकड़े दिखाते हैं कि याचिकाकर्ताओं ने बहुत बढ़ा–चढ़ाकर दावे किए हैं। दो अलग–अलग हलफनामों में आयोग ने तमिलनाडु में एसआइआर का बचाव किया। साथ ही कहा कि इस राज्य में भी मतदाताओं के नाम काटे जाने के दावे बढ़ा–चढ़ाकर किए गए हैं।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजग में जाने का मन बनाया, बीजेपी के शीर्ष नेताओं की मुलाकात

**लोक तंत्र की आवाज़**




**नईदिल्ली।** बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की प्रचंड जीत के बाद राजनीतिक हलचल की धुरी अब झारखंड की ओर घूमती दिख रही है। यहां सत्ता का समीकरण भले स्थिर दिखता हो, लेकिन भीतरखाने बदलाव की आहट तेज है। विश्वसनीय सूत्र का दावा है कि दिल्ली में दो दिन पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन की भाजपा के एक शीर्ष नेता से मुलाकात हुई है। दावा यह भी है कि बातचीत केवल औपचारिक नहीं थी, बल्कि साथ आने की प्रारंभिक सहमति बन चुकी है।

चर्चा तो यहां तक है कि डिप्टी सीएम पद पर भी विमर्श आगे बढ़ चुका है और यह भूमिका बाबूलाल मरांडी या चम्पाई सोरेन में से किसी एक को दी जा सकती है। यह पूरा घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जब झारखंड में सत्ता संतुलन बदलने की वास्तविक आवश्यकता नहीं दिखती है।

**किसके पास है बहुमत? :** झामुमो–कांग्रेस–राजद गठबंन के पास बहुमत सुरक्षित है और असहमति की किसी भी स्थिति में झामुमो अपने दम पर सरकार चला पाने की स्थिति में है। कांग्रेस भी भाजपा को रोकने के लिए बाहर से समर्थन देने की मजबूरी में होगी, लेकिन राजनीति केवल अंकगणित नहीं होती। यह परिस्थितियों, दबावों और मौके की समझ का खेल भी है। हाल के दिनों में हेमंत सरकार की मुश्किलें बढ़ी हैं क्योंकि विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए कई वादे वित्तीय संकट के कारण अधर में लटके हुए हैं। मइयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को 2,500 रुपये प्रतिमाह देने और धान का समर्थन मूल्य बढ़ाकर 3,200 रुपये प्रति क्विंटल करने के वादे को पूरा करने में सरकार को दिक्कत आ रही है।

# भारत को राफेल-ट फाइटर जेट की कब मिलेगी पहली खेप? आ गई डेडलाइन

**लोक तंत्र की आवाज़**



**प्रबंध संपादक शैलेश कुमार द्वारा**
**नईदिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि 26 राफेल मरीन विमानों की डील अगले कुछ महीनों में फाइनल हो जाएगी. पहले चार जेट 2029 तक भारत आएंगे, बाकी 2030–31 में. ये स्वदेशी विमानवाहक पोत INS विक्रांत व विक्रमादित्य पर तैनात होंगे. इससे नौसेना की ताकत कई गुना बढ़ जाएगी और हिंद महासागर में भारत की बादशाहत मजबूत होगी।

भारतीय नौसेना के प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि भारत फ्रांस से 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमानों की डील को अगले कुछ महीनों में फाइनल कर लेगा. यह डील सरकारी स्तर पर होगी, इसलिए जल्दी पूरी हो जाएगी। एडमिरल त्रिपाठी ने बताया कि नेगोशिएशन का आखिरी चरण बाकी है, जो कैबिनेट कमिटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) को भेजा जाएगा. जुलाई 2023 में ही रक्षा मंत्रालय ने इस खरीद को मंजूरी दे दी थी. यह विमान मुख्य रूप से स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत पर तैनात होंगे. एडमिरल ने कहा कि यह डील नौसेना की ताकत को दोगुना कर देगी।

**डिलीवरी का शेड्यूलः कब–कब मिलेंगे विमान?:** एडमिरल त्रिपाठी के मुताबिक, डील साइन होते ही डिलीवरी चार साल बाद शुरू हो जाएगी. यानी 2025 की शुरुआत में डिफेंस मिनिस्ट्री ने खरीद की मंजूरी दे दी थी. अब पहला बैच 2029 में आएगा. पहले चार राफेल मरीन जेट 2029 के अंत तक मिल जाएंगे. इसके बाद 2030 में पांच और 2031 तक बाकी सभी 26 विमान नौसेना में शामिल हो जाएंगे।

इनमें 22 सिंगल–सीटर (एक पायलट वाले) और चार ट्विन–सीटर (ट्रेनिंग वाले) शामिल हैं. डिलीवरी का पूरा शेड्यूल दो साल में फैला होगा. इसी समय अमेरिका से एमक्यू–9बी ड्रोन भी मिलेंगे, जो नौसेना की निगरानी क्षमता बढ़ाएंगे. एडमिरल ने कहा कि पायलटों की ट्रेनिंग 2026 से फ्रेंच नौसेना के साथ शुरू हो जाएगी, ताकि विमान आते ही इस्तेमाल हो सकें।

## संक्षिप्त खबरें ।

### डॉ. प्रेमकुमार के निर्विरोध विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने पर खुशी की लहर, जदयू प्रवक्ता कुमार गौरव पुष्पगुच्छ से किया सम्मान



लोकतंत्र की आवाज

गया। बिहार के नए विधानसभा अध्यक्ष के रूप में डॉ. प्रेमकुमार के निर्विरोध चुने जाने के बाद उनके गृह जिले गया में उत्साह और हर्ष का माहौल देखा गया। स्थानीय कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों और आम लोगों ने इसे जिले के लिए गौरव का क्षण बताया। इसी क्रम में जदयू के जिला प्रवक्ता कुमार गौरव उर्फ़ गौरव सिन्हा ने डॉ. प्रेमकुमार से मुलाक़ात कर उन्हें बधाई दी है। उन्होंने पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया और उनके सफल कार्यकाल की कामना की है। इस मौके पर कुमार गौरव ने कहा- डॉ. प्रेमकुमार का निर्विरोध स्पीकर चुना जाना बिहार की लोकतांत्रिक परंपरा को मजबूत करता है। गया का नाम रोशन करने वाले इस निर्णय से पूरे जिले में खुशी की लहर है। वहीं उन्होंने कहा कि राज्य की राजनीति में आज एक महत्वपूर्ण व्यक्ति है डॉ. कुमार, ये गया से नवीं बार चुने गए विधायक। डॉ0 प्रेमकुमार को सर्वसम्मति से विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) चुन लिया गया। उल्लेखनीय बात यह रही कि उनके विरुद्ध किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया, जिसके चलते वे निर्विरोध चुनकर सदन के नए अध्यक्ष बने।डॉ. प्रेमकुमार ने सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सदन को निष्पक्ष और मर्यादित ढंग से चलाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। गया में स्थानीय राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों ने भी इस नियुक्ति पर बधाई दी और इसे जिले की उपलब्धि बताया।

### सब्जी दुकानदार की पिटाई, प्राथमिकी

लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)**। वारिसलीगंज नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-2 माफी गली मुहल्ला निवासी सब्जी विक्रेता मो तौहिद ने थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। थाना में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि वह गुमटी रोड स्थित केनरा बैंक के पास सब्जी बेचने का काम करता है। मोहल्ला के ही मो. कारू मेरे दुकान से 5 किलोग्राम आलू खरीदा, जिसका पैसे मांगने पर उसने मारपीट कर जख्मी कर दिया।थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।

### घर में घुस कर मारपीट करने को ले प्राथमिकी दर्ज,पिता-पुत्र बने अभियुक्त

लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)**:-वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के मकनपुर गांव में हुयी मारपीट को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। थाना क्षेत्र के मकनपुर गांव निवासी सन्टू सिंह की पत्नी अनिता देवी के द्वारा दर्ज करायी गयी प्राथमिकी में गांव के ही स्व रामेश्वर सिंह के पुत्र चुही सिंह तथा पुत्र शिवम कुमार को अभियुक्त बनाया गया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया कि 29 नवंबर की सुबह मैं अपने घर में अकेली बैठी थी, तभी गांव के ही चुही सिंह तथा शिवम कुमार घर में घुसकर मारपीट किया। इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर पंकज कुमार सैनी ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

# साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष ही नहीं 'हिन्दी प्रचारक' भी थे देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

## जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित हुआ कवि-सम्मेलन

लोकतंत्र की आवाज



**संवाददाता विनोद प्रसाद**

**पटना,** भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डा राजेंद्र प्रसाद बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के संस्थापकों में से प्रमुख और सम्मेलन के अध्यक्ष ही नहीं, सम्मेलन के एक नियुक्त 'हिन्दी-प्रचारक' भी थे। दक्षिण-भारत के अनेक प्रांतों में उन्होंने हिन्दी का प्रचार किया। राष्ट्र और राष्ट्र-भाषा के लिए दिया गया उनका बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। 'हिन्दी-सेवा' उनके लिए 'राष्ट्र-सेवा' थी। यह बातें देशरत्न की जयंती की पूर्व संध्या पर मंगलवार को हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित समारोह की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के बाद देशरत्न ही भारत के प्रतिनिधि नेता थे। 20वीं सदी में उनके जैसी मेधा का दूसरा कोई व्यक्ति नहीं हुआ। इसीलिए उनकी जयंती को हम 'राष्ट्रीय मेधा-दिवस' के रूप में मनाने का आग्रह बरसों से करते आ रहे हैं।

जयंती पर बहुभाषाविद् विदुषी डा मिथिलेश कुमारी मिश्र को स्मरण करते हुए डा सुलभ ने कहा कि मिथिलेश जी को युवावस्था में ही वैधव्य का दारूण दुःख सहना पड़ा। किन्तु उन्होंने अपना संपूर्ण शेष जीवन साहित्य-देवता को समर्पित कर दिया। उन्हें संस्कृत के साथ तमिल, तेलगू, कन्नड़ आदि अनेक दक्षिण भारतीय भाषाओं का विशद ज्ञान था। दक्षिण में हिन्दी के प्रचार और प्रसार में उनका अतुल्य योगदान रहा है। भाषा के स्तर पर उत्तर और दक्षिण भारत को जोड़ने वाली वो एक दिव्य-सेतु थीं।

समारोह का उद्घाटन करते हुए, सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद जी ने कहा कि राजेन्द्र बाबू अद्भुत मेधा के महापुरुष थे। सिक्किम में भी उनके प्रति लोगों की असीम श्रद्धा मैंने देखी। गांधी जी की प्रेरणा से राजेंद्र बाबू ने देश-सेवा में अपना सम्पूर्ण जीवन अर्पित कर दिया। राष्ट्रपति रहते हुए वे समाज से जुड़े रहे। उनकी जीवनी पाठ्यपुस्तकों में आनी चाहिए। उनका जीवन अनुकरणीय है। समारोह के मुख्य अतिथि और पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्मभूषण डा सी पी ठाकुर ने कहा कि राजेंद्र बाबू के जीवन से हमें निरन्तर गतिशील रहने की प्रेरणा मिलती है। हमें सदैव स्वयं को और समाज को उन्नत बनाने की चेष्टा करनी चाहिए। सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा, डा रत्नेश्वर सिंह, डा समरेंद्र नारायण आर्य, डा मुकेश कुमार ओझा, मिथिलेश जी का पुत्र नीलाभ मिश्र तथा उनके जमाता जय किशन ने अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन का आरम्भ चंदा मिश्र की वाणी-वंदना से हुआ। वरिष्ठ कवि शायर आरपी घायल, आचार्य विजय गुंजन, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, सिद्धेश्वर, कुमार अनुपम, ईं अशोक कुमार, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, डा सुषमा कुमारी, रौली राजवी, इन्दु भूषण सहाय, राज आनन्द आदि कवियों और कवयित्रियों ने अपनी काव्यांजलि अर्पित की। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन ईं अशोक कुमार ने किया। डा चंद्रशेखर आज़ाद, सिकंदरे आज़म, रमेश सिंह, नवल किशोर सिंह, अश्विनी कविराज, अभिराम, राम प्रसाद ठाकुर, नन्दन कुमार मीत आदि प्रबुद्धजन समारोह में उपस्थित थे।

# शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार, बाइक जब्त,एक वांछित तस्कर भी गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली**। थाना क्षेत्र के पशु अस्पताल के पास से सोमवार की देर शाम गुप्त सूचना के आलोक में पीएसआई सचिन कुमार ने एक बाइक की डिक्की में रहे 6 बोतल शराब को बरामद किया है। साथ ही एक बाइक को जब्त किया गया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र को शराब मुक्त बनाने को लेकर पुलिस बलों के सहयोग से शराब निर्माण,परिवहन,भंडारण,बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध लगातार कानूनी कार्रवाई की जा रही है।बीते सोमवार की देर शाम सूचना मिली कि एक बाइक से शराब का परिवहन किया जा रहा है।गुप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर थाने से सशस्त्र पुलिस बलों को छापेमारी के लिए भेजा गया। छापेमारी के दौरान रजौली पशु अस्पताल के समीप एक होंडा शाइन बाइक संख्या बीआर27जे6392 को जांच हेतु रोकने का प्रयास किया गया,तो बाइकसवार बाइक को छोड़कर भागने लगा,जिसे पुलिस बलों के सहयोग से पकड़ा गया।बाइक की तलाशी लेने पर डिक्की में रखे रॉयल स्टेज के 375 एमएल और 750 एमएल वाले तीन-तीन बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया।शराब बरामदगी को लेकर बाइक को जब्त एवं बाइकसवार को गिरफ्तार किया गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार बाइकसवार की पहचान कुम्हरुआ गांव निवासी रामखेलावन यादव के पुत्र बब्लू कुमार के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त शराब व बाइक के अलावे गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं दूसरी ओर थाना कांड संख्या 358/25 के फरार चल रहे शराब तस्कर को गुप्त सूचना के आलोक में पुलिस बलों ने गिरफ्तार किया है,जिसकी पहचान सतगिर गांव निवासी उमेश यादव के पुत्र मुकेश कुमार के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार दोनों शराब तस्करों को मंगलवार को अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# सिरदला में भव्य स्वागत समारोह, सैकड़ों लोगों ने दिया नवदंपत्ति को आशीर्वाद

लोकतंत्र की आवाज



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला, नवादा**। सिरदला प्रखंड के स्थानीय बाजार क्षेत्र में सोमवार की शाम विवाह उपरांत आयोजित रिसेप्शन समारोह में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नवदंपत्ति के सम्मान में आयोजित इस स्वागत समारोह में क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोगों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने शिरकत कर वरझवधू को आशीर्वाद दिया। समारोह में पहुंचने वाले अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जहां रोशनी और फूलों की माला से पूरी व्यवस्था मनमोहक नजर आ रही थी। नवविवाहित दंपत्ति ने प्रत्येक आगंतुक से मुलाकात कर उनकी शुभकामनाएं स्वीकार कीं। माहौल में संगीत और खुशियों की रौनक पूरे आयोजन को जीवंत बना रही थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि विवाह उपरांत ऐसे आयोजन समाज में आपसी सद्भाव और जुड़ाव को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए आयोजकों की ओर से सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित की गई थीं। देर रात तक चले इस समारोह में मिठाइयों और व्यंजनों की विशेष व्यवस्था की गई, जिसका लोगों ने आनंद उठाया। रिसेप्शन समारोह के सफल आयोजन को लेकर क्षेत्र में दिनभर चर्चा बनी रही।

# वारिसलीगंज : भ्रष्टाचार मुक्त,अपराध मुक्त और भयमुक्त होगा वारिसलीगंज विधानसभा:अनिता

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)**। सोमवार को बिहार विधानसभा में शपथ ग्रहण के दौरान 239-वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक अनिता ने अपनी काबिलियत दिखा दी। उन्होंने शपथ ग्रहण के दौरान प्रोटेम स्पीकर को टोकने के लिए बाध्य कर दी। बहुजन समाज की बेटी अनिता, जो बिहार विधानसभा के सदस्य के रूप में निर्वाचित हुयी हूं। महात्मा बुद्ध की धरती से लोकतंत्र के मंदिर में बहुजन के महापुरूषों को याद करते हुए तथा उनसे आशीर्वाद प्राप्त कर डॉ भीमराव अम्बेडकर के द्वारा निर्मित संविधान की शपथ लेती हूं, इस बात पर स्पीकर को भी कहना पड़ा कि माननीय सदस्या, जो आपको लिखकर मिला है उसी को पढ़कर शपथ लें। शपथ लेने के बाद विधानसभा से बाहर निकली नव निर्वाचित राजद विधायक कुमारी अनिता ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त,अपराध मुक्त और भयमुक्त होगा वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र। उन्होंने कहा कि बगैर किसी हिचक का कोई भी जनता अपनी समस्या को रख सकतें है। मैं बिना भेद भाव का क्षेत्र के विकास के लिये एक एक पल का समय दूंगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता मालिक को सरकार का हर योजना का लाभ दिलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगी।वारिसलीगंज नगर परिषद में सार्वजनिक शौचालय और जाम से मुक्ति दिलाने के लिये स्थाई बस पड़ाव सुनिश्चित करने का प्रयास करूंगी। किउल-गया रेलखंड पर परिचालित प्रमुख ट्रेनों की ठहराव वारिसलीगंज स्टेशन पर हो, इसके लिये पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक से मिलकर बात करूंगी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसा जायेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के हर समुदाय के लोग मेरे उपर जिस तरह से भरोसा जताया है, उसे मैं कभी नहीं भूलूंगी। उनके भरोसा पर खरा उतरूंगी।

# गया जी के लिए यह अत्यंत गौरव का अवसर है कि हमारे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले आज बिहार विधानसभा जैसे उच्च लोकतांत्रिक सदन की अध्यक्षता कर रहे : डॉक्टर मनीष पकंज मिश्रा

लोकतंत्र की आवाज



- विधानसभा अध्यक्ष को बधाई देते हुए कामना की कि वे आगे भी सफलता के नए-नए आयाम स्थापित करें - राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता

**गया जी**। विधानसभा के लोकप्रिय एवं सर्वप्रिय विधायक डॉ. प्रेम कुमार जी आज सर्वसम्मति से बिहार विधानसभा के अध्यक्ष चुने गए हैं। विधानसभा के इस ऐतिहासिक क्षण पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा उन्हें सदन के अध्यक्षीय आसन पर विधिवत बैठाया गया है। यह दृश्य बिहार की लोकतांत्रिक परंपरा, सौहार्द और अनुकरणीय राजनीतिक संस्कृति का प्रतीक रहा है।

इस गौरवपूर्ण अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित भाजपा के सभी वरिष्ठ एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई है। सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया एवं इस उपलब्धि को गया जी के सम्मान और अभूतपूर्व गौरव के रूप में देखा है।डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने अपनी शुभकामनाएं प्रकट करते हुए कहा कि गया जी के लिए यह अत्यंत गौरव का अवसर है कि हमारे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले डॉ. प्रेम कुमार आज बिहार विधानसभा जैसे उच्च लोकतांत्रिक सदन की अध्यक्षता कर रहे हैं। उनके संघर्ष, सादगी, जनसेवा के प्रति समर्पण और राजनीतिक कुशलता ने उन्हें इस प्रतिष्ठित पद के योग्य बनाया है। डॉ. प्रेम कुमार जी का अब तक का राजनीतिक जीवन प्रेरणादायी रहा है, और हमें पूर्ण विश्वास है कि अध्यक्ष के रूप में भी वे सदन की गरिमा, निष्पक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा भाजपा प्रदेश कार्य समिति राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने पुनः हृदय से कोटि-कोटि बधाई देते हुए कामना की कि वे आगे भी सफलता के नए-नए आयाम स्थापित करें और बिहार का गौरव बढ़ाते रहें हैं। खुशी का इजहार करने वालों में राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, संजय यादव उर्फ मुन्ना बबलू गुप्ता महेश प्रसाद मंटू कुमार आदि थे।

# पुलिस की कार्रवाई: फरार दो वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया न्यायालय

लोकतंत्र की आवाज



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला, नवादा**। फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर सिरदला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को दबोच लिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने खरौन्ध गांव में सोमवार को विशेष छापेमारी अभियान चलाया, जिसके दौरान लंबे समय से फरार चल रहे दोनों आरोपियों को पकड़ा गया। पहला वारंटी सिरदला थाना कांड संख्या 21/05 (जीआर संख्या 224/05) से संबंधित है, जिसमें धारा 147, 148, 341, 323, 379 तथा 504 के तहत मामला दर्ज है। इस मामले में खरौन्ध गांव निवासी सुरेश चौधरी के पुत्र देवनंदन चौधरी को एएसआई मुकेश कुमार ने 1 दिसंबर 2025 को उसके घर से गिरफ्तार किया। इसके अलावा दूसरे वारंटी बिरजू तुरिया, पिता बंधु तुरिया, निवासी खरौद तुरिया टोला को भी एएसआई मुकेश कुमार ने उसके घर से ही गिरफ्तार किया। दोनों वारंटियों को आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद पुलिस अभिरक्षा में व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया गया। स्थानीय पुलिस ने बताया कि फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

# बिहार विधानसभा अध्यक्ष पर शहर में खुशी की लहर

लोकतंत्र की आवाज



**गया जी**। भारतीय जनता पार्टी गया जिला द्वारा महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी के नेतृत्व में आज गया शहर के लोकप्रिय विधायक डॉ. प्रेम कुमार को बिहार विधानसभा के अध्यक्ष चुने जाने पर हर्ष और उत्साह के साथ एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया है। यह अवसर पूरे गया जिला के लिए गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक रहा, जहाँ भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा गया है।इस मौके पर महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी ने कहा कि आज का दिन गया जी के लिए गौरव का चांद साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के संगठन के लिए यह अत्यंत गर्व की बात है कि गया जिला का एक साधारण कार्यकर्ता अपने संघर्ष, ईमानदारी, जनसेवा और संगठनात्मक निष्ठा के बल पर राज्य में कई महत्वपूर्ण पदों को सुशोभित कर चुका है—चाहे वह मंत्री का पद हो, नेता प्रतिपक्ष का पद हो या अन्य कई महत्वपूर्ण दायित्व है। इन सभी अनुभवों और उनकी अद्भुत व्यवहार कुशलता ने उन्हें बिहार विधानसभा के सर्वोच्च संवैधानिक पद—अध्यक्ष—के लिए उपयुक्त बनाया है। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर जियाउद्दीन खान ने कहा कि आज बिहार विधानसभा का यह गरिमामयी पद गया जिले के लिए सम्मान और प्रेरणा का स्रोत है। डॉ. प्रेम कुमार अब विधानसभा के नियमों और संसदीय परंपराओं के अनुरूप सदन का संचालन करेंगे, जो न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती देगा, बल्कि बिहार की राजनीति में भी नई दिशा स्थापित करेगा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि गया जी के लोग गौरवान्वित हैं कि उनका प्रतिनिधि राज्य के सर्वोच्च सदन की अध्यक्षीय कुर्सी पर सुशोभित हुआ है। यह उपलब्धि पूरे जिले, समाज और भाजपा संगठन के लिए असाधारण गौरव का क्षण है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक सुर में डॉ. प्रेम कुमार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। खुशी का इजहार करने बालों में भाजपा नेता मुकेश कुमार अधिवक्ता विक्की शर्मा राहुल शर्मा डब्लू सिंह अधिवक्ता दीपू कुमार सुनील कुमार सिन्हा डब्लू राय रमेश गुप्ता गया विधानसभा के संयोजक विधानसभा का प्रभारी मुन्नीलाल जिला उपाध्यक्ष निकिता रजक विकास कुमार राजनंदन प्रसाद गांधी प्रशांत कुमार जिला मंत्री धर्मेंद्र यादव पवन कुमार वेद प्रकाश मनोज पासवान टिंकू गोस्वामी मंडल अध्यक्ष मनीष कुमार सोनू सूरज राणा धीरू सिन्हा अजय यादव उर्फ़ हरि यादव राजेश मस्तान, शंभू यादव ,गुंजन मिश्रा रंजीत बरह पुरिया जयदेव के जनता दल यूनाइटेड वरिष्ठ नेता इंजीनियर अजय कुशवाहा, मुन्ना शर्मा,बम बम चंद्रवंशी,अजय पासवान ,अमित पासवान , राजेश कुमार गुप्ता, रघु कुशवाहा, उमेश चंद्रवंशी, उपेंद्र पासवान ,वार्ड पार्षद दीपक चंद्रवंशी, उपेंद्र कुमार सिंह देवेंद्र कुमार सत्येंद्र कुमार संतु बंटी वर्मा प्रेमदास भरत दास अरुण सहलालसिद्धिकी उर्फ़ लालबाबू अधिवक्ता, ऋषि लोहानी , धीरज गुप्ता,एक दूसरे को मुंह मीठा करा कर खुशी के इजहार किया गया है।

# विश्व एड्स दिवस पर एस एन सिन्हा कॉलेज में दिलाई जागरुकता की शपथ


लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)**। वारिसलीगंज स्थित एसएन सिन्हा महाविद्यालय में सोमवार को विश्व एड्स दिवस पर उपस्थित छात्र-छात्राओं को एड्स से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने समाज को एड्स महामारी के प्रति जागरूक बनाने का शपथ लिया।महाविद्यालय के कार्यक्रम पदाधिकारी विनोद कुमार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि 1988 के बाद एक दिसंबर को प्रत्येक साल विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य एचआईवी संक्रमण के प्रसार की वजह से बीमारी के प्रति समाज को जागरूक करना तथा इसके प्रभावों को समझना है। इससे बचाव के तरीके और इस बीमारी से प्रभावित लोगों के प्रति सहानुभूति एवं समर्थन व्यक्त करना है। कहा गया की यह एक विषाणु जनित बीमारी है। जिसका नाम एचआईवी है। इससे प्रभावित व्यक्ति के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। जिससे विभिन्न प्रकार की रोग होने की संभावना बढ़ जाती है। मौके पर प्रो. श्याम सुंदर प्रसाद सिंह, प्रो. मनीष कुमार, डा. रामाशीष सिंह, डा. अशोक कुमार, प्रो. अमित कुमार, डा. मनीष भारद्वाज, डा. राजकुमार चौधरी, डा. निर्जल दास, डा. विकास कुमार सहित शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर घाघरा पुल के पास बनेगा तटबंध, योगी कैबनिट ने दी मंजूरी



रत्ना

**लखनऊ।** योगी कैबिनेट ने गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर घाघरा पुल के पास क्षतिग्रस्त तटबंध का निर्माण किए जाने की मंजूरी दी है। इस कार्य पर 246.37 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे घाघरा पुल का तटबंध वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था। इसकी वजह से एक्सप्रेसवे पर कभी भी नदी का पानी आ सकता था। नतीजतन उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने इस तटबंध के क्षतिग्रस्त भाग की मरम्मत कराने का प्रस्ताव भेजा था। इसे कैबिनेट की बैठक में स्वीकृति प्रदान की गई है। इस लिंक एक्सप्रेसवे का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछली 20 जून को किया था।

### अमेठी में अतिक्रमण पर नहीं लग रही रोक, फुटपाथ गायब होने से जाम के झाम में फंसता जा रहा शहर

रत्ना

**लखनऊ।** जिम्मेदारों की लापरवाही और प्रशासनिक उदासीनता के कारण शहर में अतिक्रमण की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट निर्देश होने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं दिख रहा है। शहर की मुख्य सड़कें हो या चौक अंदर की गलियां सभी जगह दुकानदारों द्वारा फुटपाथों पर कब्जा जमाए जाने से पैदल चलने वालों के लिए रास्ता तक नहीं बचा है। फुटपाथ हुए गायब, सड़कें बनी दुकान अतिक्रमण का आलम यह है कि शहर में कई स्थानों पर फुटपाथ मानो गायब ही हो गए हैं। दुकानदार अपने सामान को सड़क तक फैलाए हुए हैं, इससे आमजन को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### महिला आयोग की मा. अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान, 04 दिसंबर को करेंगी जनपद भ्रमण गोद भराई

उरई - प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी निशान्त पाण्डेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की मा. अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त) डॉ. बबीता सिंह चौहान 04 दिसंबर 2025 को जनपद के एक दिवसीय भ्रमण पर रहेंगी।अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, वे प्रातः 10:00 बजे जिला महिला चिकित्सालय उरई पहुँचेगी, जहाँ गोद भराई, अन्नप्राशन एवं कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग कर मातृ-शिशु स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन करेंगी। इसके उपरांत प्रातः 11:30 बजे मा. अध्यक्ष विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में विभिन्न संबंधित विभागों के साथ समीक्षा बैठक करेंगी तथा जनसुनवाई के माध्यम से महिलाओं से संबंधित शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर आवश्यक निर्देश प्रदान करेंगी। प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि जनपद स्तरीय समस्त संबंधित विभागों को बैठक में आवश्यक अभिलेखों एवं प्रगति विवरण के साथ उपस्थित रहने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### धर्म गुरु पर अपद्र टिप्पणी से गुस्साए हिन्दू संगठन ने इस्पेक्टर को सौपा श्रापन

शाहाबाद / हरदोई !! हिन्दू धर्म गुरू पर शोसल मीडिया के माध्यम से की गई टिप्पणी से गुस्साए हिन्दू संगठन बजरंग दल ने इस्पेक्टर शाहाबाद को श्रापन देकर कार्यवाई की मांग की है। बजरंग दल के नगर सयोंजक लवकुश राठौर ने इस्पेक्टर जितेन्द्र प्रताप सिंह को पत्र देते हुए बताया है कि दिब्यांशु कुशवाहा पुत्र सर्वेश कुशवाहा निबासी ग्राम मुंडेर थाना सबायजपुर ने शोसल मीडिया पर हिन्दू धर्म गुरू राम भद्राचार्य पर अपद्र ब बेहद अपमान जनक टिप्पणी की है जिससे हिन्दू संगठन आहत है हिन्दू संगठन के पदाधिकारी ने कठोर कार्यबाई की मांग की है इस सम्बन्ध मे इस्पेक्टर जितेन्द्र प्रताप सिह ने बताया है कि आरोपी हमारे थाना क्षेत्र का नही है वह सबायजपुर थाना क्षेत्र का है गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।

# कैंटबोर्ड चुनाव, किसके सर पर सजेगा ताज ?

## सारे पुराने धुरंधर भाजपा के साथ क्या इस बार होने वाले चुनाव में भाजपा के काम आएगा वाधवा और सोढ़ी परिवार का दबदबा ?




लोकतंत्र की आवाज

संवाददाता गौहर अनवार

**मेरठ।** सांसद अरुण गोविल की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात और कैंट बोर्ड चुनाव को लेकर चर्चा ने फिर से छावनी परिषद की शांत हो चुकी राजनीति को गरमा दिया है। लोगों के बीच भाजपा की केंट बोर्ड राजनीति में क्या स्थिति होगी ? विपक्ष कैसे हालात में होगा ? इसे लेकर अब चर्चाओं का बाजार गर्म होने लगा है। इसका बड़ा कारण ये भी है कि भले ही कैंट विधानसभा सीट 1989 से भाजपा की झोली में जा रही हो, लेकिन छावनी परिषद को राजनीति में भाजपा मुकम्मल तौर पर मजबूत होकर नहीं उभर पाई है। ऐसे में मेरठ हापुड़ लोकसभा सांसद अरुण गोविल ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार मुलाकात कर कैंट बोर्ड चुनाव कराने की मांग की है। इस महत्वपूर्ण मुलाकात के दौरान सांसद ने मेरठ कैंट बोर्ड एवं स्थानीय जन-सरोकारों से जुड़े कई गंभीर एवं लम्बे समय से लटके हुए मुद्दों पर चर्चा की। सांसद ने रक्षा मंत्री को पत्र देकर कैंट में लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पुनः स्थापना कराने का अनुरोध किया। लेकिन हम आपको बता दें कि, पिछले दस सालों में मेरठ केंट बोर्ड में चुनाव नहीं होने से ना केवल यहां की राजनीति को बड़ा झटका लगा है। बल्कि, अधिकांश कार्य अधर में लटके हुए हैं। एक समय था जब यहां कांग्रेस नेताओं का दबदबा था। लेकिन देश, प्रदेश से लेकर केंट तक अब भाजपा की दमदार स्थिति है. जबकि 2015 में प्रदेश में सपा की सरकार थी। हालांकि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बन गई थी। दरअसल, 2015 में जब मेरठ कैंट बोर्ड का चुनाव हुआ था, तब प्रदेश में सपा की सरकार थी। विपक्षी दलों ने निर्दलीय प्रत्याशियों को समर्थन देकर जीत दिलाई थी। उस समय भाजपा आठ में से दो सीटों पर ही चुनाव जीत सकी थी। ज्यादातर सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशी जीते थे। यहां तक 2015 से 2021 के बीच उपाध्यक्ष बने बीना वाधवा और विपिन सोढ़ी भी तब निर्दलीय जीते थे। जो अब भाजपा में शामिल हो चुके हैं। जिससे भाजपा को अच्छी पकड़ मानी जा रही है। और अन्य निर्दलीय सभासद भी अब भाजपाई हो चुके हैं। अब कैंट बोर्ड के अधिकतर दावेदार भाजपा में शामिल हो चुके हैं। विपक्ष में अभी तक कोई दमदार प्रत्याशी भी नहीं दिख रहा। हालांकि दावा है कि, अगर चुनाव होता है तो सपा कांग्रेस गठबंधन मजबूती से इस बार का कैंटोनमेंट बोर्ड चुनाव एक साथ मिलकर लड़ेगा। और भाजपा को वाकओवर नहीं लेने देगा, लेकिन फिलहाल स्थिति बदली हुई है। वहीं अगर बात करें धनराशि की तो मेरठ कैंट बोर्ड की सबसे बड़ी समस्या आर्थिक है। यदि केंद्र सरकार से सहायता ना मिले तो वेतन-भत्ते, पेंशन के लिए भी कैंट बोर्ड के पास पैसा नहीं है।विकास कार्यों के लिए केन्द्र से ही अनुदान चाहिए। फिलहाल केंट क्षेत्र की स्थिति धन के अभाव में बदहाल है। विकास कार्यों में कभी मेरठ केंट का उदाहरण दिया जाता था, जो अब नहीं है। इसके अलावा केंट को भाजपा के लिए मजबूत किला माना जाता है। सांसद विधायक के चुनाव में विपक्ष के मुकाबले भाजपा की स्थिति काफी मजबूत रही है। सन 2024 के सांसद के चुनाव में तो भाजपा को सबसे बड़ी जीत कैंट विधानसभा क्षेत्र से ही मिली थी। क्योंकि मेरठ केंट विधानसभा क्षेत्र में भी भाजपा का लगभग चार दशक से लगातार कब्जा रहा है। लेकिन, अब माना जा रहा है कि, अगर चुनाव होता है तो भाजपा क्षेत्र की बदहाल स्थिति में वाधवा परिवार का दबदबा भाजपा के लिए संजीवनी बन सकता है। कैंट बोर्ड की राजनीति में यूं तो तमाम नेता उभरकर आगे आए हैं। लेकिन एक परिवार ऐसा रहा है जिसका वर्चस्व कैंटोनमेंट चुनाव में पिछली बार देखने को मिल चुका है। उसी परिवार से सुनीता वाधवा कैंटोनमेंट की उपाध्यक्ष रह चुके हैं। यह बात अलग है कि उस समय वह भाजपा में नहीं थे। यही कारण रहा कि भाजपा को यहां हमेशा बड़ा झटका लगा। लेकिन अब पूर्व कैंटोनमेंट बोर्ड उपाध्यक्ष सुनीता वाधवा पति सुनील वाधवा और दूसरे धुरंधर विपिन सोढ़ी भाजपा के रथ पर सवार हो चुके हैं। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि निगम चुनाव की तरह इस बार होने वाले कैंटोनमेंट चुनाव में भाजपा मजबूत स्थिति में रहेगी। हालांकि यह एक अनुमानित आंकड़ा है। क्योंकि इस बार कैंटोनमेंट का ताज किसके सर पर सजेगा यह तो जनता जनार्दन ही तय करेगी।

# टीईटी निर्णय पर शिक्षकों की सेवा सुरक्षा हेतु हस्तक्षेप की मांगः सांसद इमरान मसूद



लोकतंत्र की आवाज़

साजिद सलमानी

**सहारनपुर।** लोकसभा के शून्य काल के दौरान सांसद इमरान मसूद ने उत्तर प्रदेश सहित देशभर के लाखों शिक्षकों की नौकरी सुरक्षा से जुड़े मुद्दे को गंभीरता से उठाया। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1 सितंबर 2025 को दिए गए निर्णय में कक्षा 1 से 8 तक के शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को नियुक्ति की तिथि की परवाह किए बिना अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे लगभग 20 लाख शिक्षक सेवा असुरक्षा की स्थिति में पहुँच गए हैं।सांसद इमरान मसूद ने कहा कि जिन शिक्षकों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 तथा एनसीटीई की 2010 की अधिसूचना के तहत विधिपूर्वक नियुक्ति मिली थी और जिन्हें मुक्त श्रेणी में दर्ज किया गया था, वे अब संशय और अस्थिरता का सामना कर रहे हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि देश में टीईटी और आरटीई अधिनियम विभिन्न राज्यों में अलग-अलग तिथियों से लागू हुए हैं, जबकि उत्तर प्रदेश में इसकी प्रभावी तिथि 27 जुलाई 2011 है। ऐसे में नया निर्णय अनेक शिक्षकों के वैधानिक अधिकार को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि इस आदेश को केवल भविष्य में लागू होने वाले मामलों पर लागू किया जाए ताकि पूर्व में नियुक्त शिक्षकों की मान्यताप्राप्त सेवा प्रभावित न हो। साथ ही उन्होंने सरकार से पुनर्विचार याचिका दायर करने और आवश्यकता पड़ने पर शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 में संशोधन लाने पर विचार करने की अपील की। मसूद ने कहा कि यह मुद्दा न केवल शिक्षकों की आजीविका और सम्मान से जुड़ा है बल्कि विद्यालयी शिक्षा व्यवस्था की स्थिरता पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पर शिक्षामित्र सांसद इमरान मसूद से उनके आवास पर मिले थे और इस संबंध में उन्हें एक मांग पत्र भी दिया था सांसद इमरान मसूद ने शिक्षामित्र की गंभीरता को समझते हुए इस मामले को सदन में उठाकर सरकार से इस दिशा में कार्रवाई किए जाने की मांग की है ।

## सोशल मीडिया स्टोरी में रामभद्राचार्य व ब्राह्मण समाज को गालियां, हाईवे जाम कर दिव्यांशु कुशवाहा की गिरफ्तारी की मांग

लोकतंत्र कीआवाज



**हरदोई रूपापुर हरदोई**/दिव्यांशु कुशवाहा द्वारा सोशल मीडिया की स्टोरी पर रामभद्राचार्य और ब्राह्मण समाज के खिलाफ अपमानजनक व अभद्र शब्द लिखे जाने के बाद मामला गर्मा गया है। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 299 तथा आईटी एक्ट की धारा 67 में मुकदमा पंजीकृत किया जा चुका है, लेकिन गिरफ्तारी न होने पर मंगलवार को हिन्दू समाज के लोगों ने कटराझ्र बिल्हौर हाईवे पर जाम लगा दिया।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि धार्मिक संतों व समाज विशेष के प्रति की गई इस तरह की अभद्र टिप्पणी असहनीय है। उन्होंने आरोपित दिव्यांशु की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए नारेबाजी की और प्रशासन को कठोर कार्रवाई के लिए बाध्य किया।सूचना मिलने पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और बातचीत कर भीड़ को शांत करने का प्रयास किया। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी की प्रक्रिया तेजी से जारी है तथा पुलिस ने बहुत जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है।आश्वासन मिलने के बाद जाम हटाया गया और हाईवे पर यातायात बहाल कराया गया।

## बिजनौर खाटू श्याम बाबा को अखंड ज्योति एवं अलौकिक श्रृंगार कर कर 56 भोग लगाया गया

लोकतंत्र की आवाज



रिपोर्ट पायल कुमारी

नगीना श्री श्याम जन्मोत्सव के मौके पर श्याम खाटू बाबा का विशाल कीर्तन जागरण आयोजित किया गया जिसमें जागरण पार्टी के कलाकारों की प्रस्तुति पर श्याम भक्त श्रद्धालु झूम रहे थे। खाटू श्याम बाबा को अखंड ज्योति छप्पन भोग एवं अलौकिक श्रृंगार कर कर 56 भोग लगाया गया। रस्थानीय एम एम इंटर कॉलेज खेल के मैदान में शनिवार की रात को हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा श्री श्याम जन्मोत्सव के मौके पर आयोजित संकीर्तन जागरण में भव्य और आकर्षक खाटूश्याम बाबा के दरबार जो श्रद्धालुओं के मन को भा रहा था मोहित ठाकुर एंड पार्टी के के कलाकार भजन प्रवाहक टी-सीरीज के सुप्रसिद्ध सिंगर अमन सांवरिया रुद्रपुर, प्रिंस रस्तोगी इंटरनेशनल म्यूजिक ग्रुप मुरादाबाद, श्री आकांक्षा मित्तल श्याम जगत की सुप्रसिद्ध भजन प्रवाहीका बिजनौर, श्री मनुवर्मा चांदपुर, एवं पार्टी प्रमुख मोहित ठाकुर श्याम बालाजी जागरण मंडल नगीना, द्वारा की गई श्याम खाटू बाबा के भजनों की प्रस्तुति पर पंडाल में मौजूद सैकड़ो श्रद्धालु झूम रहे थे। देर रात 2 बजेतक चले खाटूश्याम बाबा के जागरण में खचाखच भरेपंडाल में श्रद्धालुओंने खूब आनंद लिया। जागरण समाप्ति पर प्रसाद वितरण किया गया जिसे सैकड़ो लोगों ने ग्रहण किया। खाटूश्याम जागरण के आयोजन कपिल उर्फ अतीत सैनी ने बताया कि यह हमारा चतुर्थी (चौथा) जागरण कीर्तन है और आगे भी अपने श्याम परिवार के सहयोग से करते रहेंगे। कार्यक्रम में राम अवतार बिश्नोई, अनिल करनवाल कुलदीप सैनी, राजेंद्र सैनी, अंकित सैनी, नन्नूसैनी, राहुल सैनी, बंटी कुमार, शिव कुमार, न्यूवर्षकुमारविपिन कुमार एडवोकेट, सचिन मित्तल, संजीव अग्रवाल, मोहित गुप्ता, रोहित गुप्ता, सुधांशु अग्रवाल सहित समस्त श्याम परिवार का सहयोग रहा।

## निगम कर्मचारी पर दबंगों ने किया हमला, बहन से छेड़छाड़ का विरोध करना पड़ा भारी, एसएसपी से लगाई मदद की गुहार

लोकतांत्रिक की आवाज



संवाददाता गौहर अनवार

**मेरठ।** नगर निगम में कार्यरत कर्मचारी अमित कुमार को बहन से छेड़छाड़ का विरोध करना महंगा पड़ गया। मामला इतना बढ़ गया कि आरोपी पक्ष ने अमित पर जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने एसएसपी को प्रार्थना-पत्र देकर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित अमित कुमार निवासी क्वार्टर पुरानी मोहनपुरी, थाना सिविल लाइंस ने बताया कि 30 नवंबर को वह सुबह करीब 8 बजे ड्यूटी पर था। तभी मोहल्ले के ही तीन युवकों तौकीर उर्फ तौका, बाबर और समीर ने उसे घेर लिया। आरोप है कि ये वहीं युवक हैं, जिन्होंने पहले उसकी बहन से छेड़छाड़ कर अभद्रता की थी और उसी का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। अब आरोपी मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे थे। पीड़ित के अनुसार जब उसने मुकदमा वापस लेने से इंकार किया तो विपिन, और समीर ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला किया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने किसी तरह अमित को बचाया और उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहाँ उसका मेडिकल कराया गया। अमित कुमार का कहना है कि आरोपी पक्ष लगातार जान से मारने की धमकी दे रहा है और उसके परिवार में दहशत का माहौल है। पीड़ित ने एसएसपी विपिन ताडा से हमलावरों पर कठोर कार्रवाई तथा सुरक्षा की मांग की है।

## नकुड़ विधानसभा में बीएलओ सहायक सूची से 31 कर्मियों की हटौती पर सपा नेताओं का हंगामा

लोकतंत्र की आवाज़



साजिद सलमानी

**सहारनपुर।** नकुड़ विधानसभा क्षेत्र के सरसावा ब्लॉक में चुनावी व्यवस्थाओं के लिए जारी 227 बीएलओ के सहायक की सूची में हुए बदलाव को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं का विरोध लगातार उग्र होता जा रहा है - नकुड़ विधानसभा से सपा के संभावित प्रत्याशी फरहाद आलम गाड़ा एवं पूर्व मंत्री मांगेराम कश्यप के नेतृत्व में सपा प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि अपर जिलाधिकारी द्वारा जारी नई सूची में 227 में से 31 बीएलओ के सहायको को चुन-चुनकर हटाया गया है जो बेहद गंभीर सवाल खड़े करता है। फरहाद आलम गाड़ा ने इस कार्रवाई को चयनित और पक्षपातपूर्ण बताते हुए आरोप लगाया कि नकुड़ एसडीएम भाजपा के दबाव में काम कर रहे हैं जिसके चलते बीएलओ के सहायको को हटाने का निर्णय निष्पक्षता से परे दिखाई देता है - उन्होंने कहा कि इस तरह के बदलाव से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था पर अविश्वास बढ़ेगा - सपा नेताओं ने मुख्य चुनाव आयोग से पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा कि चुनावी तैयारियों में पारदर्शिता और बिना दबाव के प्रशासनिक निर्णय आवश्यक हैं, अन्यथा चुनाव की विश्वसनीयता पर सीधा असर पड़ेगा-प्रतिनिधिमंडल में सोएब स्लमानी, समीर प्रधान, हसीब नयाब ,मो अनस, भोलू सिंह, राजकुमार, मोहम्मद अली, दिव्यांश,हाजी अबरार, इरसाद पठेड, शुभम, फैसल, राजू, मोहम्मद असलम, कमर्शियल भानु, कुमार सिंह, राजपाल, रोहित सिंह समेत बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सरेराह तीन महिलाओं ने घेरा और फिर बैग काटकर निकाल लिए पैसे, इतनी चतुराई से किया काम- कुछ पता ही नहीं चला

लोक तंत्र की अवाज

रत्ना

**लखनऊ।** हापुड़ अड्डा चौराहे पर सरेराह तीन महिलाओं ने एक महिला को घेरकर उसका बैग काटकर दो लाख रुपये साफ कर दिए। महिला जब अपने घर पहुंची तो उसे वारदात के बारे में पता चला। पीड़िता ने तत्काल कोतवाली थाने पहुंचकर पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से आरोपित महिलाओं की तलाश शुरू कर दी। कुछ दिन पहले दो महिलाओं ने ई-रिक्शा सवार महिला प्रधानाचार्य के गले से सोने की चेन साफ कर दी थी। लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के श्यामनगर गली नंबर पांच निवासी शहनाज पत्नी मुस्तकीम सोमवार को अपने बेटे नाजिम के साथ बाइक हापुड़ अड्डा स्थित एसबीआई से पैसे निकालने गई थी। शहनाज ने बैंक से दो लाख रुपये निकालकर एक बैग में रख लिए और बाहर आकर अपने बेटे की बाइक पर बैठने लगी। शहनाज के बाइक पर बैठने से पहले ही तीन महिलाओं उसे घेर लिया और बातों में उलझाकर उसका बैग काटकर दो लाख रुपये साफ कर दिए। महिला ने उनसे बात करने के बाद बाइक पर बैठकर घर पहुंची तो उसने बैग कटा देख हैरान हो



गई। इसके बाद वह बेटे के साथ थाने पहुंची और घटना के बारे में जानकारी दी। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर अज्ञात महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज से महिलाओं की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपित महिलाओं को गिरफ्तार किया जाएगा।

## सरकारी संस्थानों में घूमते कुत्तों से मिलेगा छुटकारा, नगर निगम करने जा रहा है इंतजाम

लोक तंत्र की अवाज

रत्ना

**लखनऊ।** आवारा कुत्तों के आतंक पर लगाम लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने नगर निगम को आदेश दिए हैं। इसके तहत सार्वजनिक संस्थानों से कुत्तों को हटाना है, जिससे यहां पहुंचने वालों को कठिनाई नहीं हो। वहीं सार्वजनिक स्थानों पर फीडिंग स्थल बनाने हैं। नगर निगम ने अब सरकारी संस्थानों से ये पूछना शुरू कर दिया है कि वे अपने यहां उपस्थित कुत्तों की संख्या बताएं, जिससे वे टीम को उतने ही संसाधन के साथ भेजा जा सकेगा।शहर में 1.10 लाख आवारा कुत्ते हैं। इनके वैक्सीनेशन और नसबंदी का कार्य चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इनके लिए सार्वजनिक स्थानों पर भोजन केंद्र बनने हैं,



लेकिन ये अभी एक चौथाई वार्ड तक में नहीं बन सके हैं। क्षेत्रीय लोगों का गतिरोध सामने आ रहा है, जिससे मुश्किल हो रही है। वहीं अब संस्थानों में मौजूद आवारा कुत्तों को हटाना है, जिससे पहुंचने वालों को कठिनाई नहीं हो सकें। ऐसे में सड़क के खूंखार कुत्तों की तलाश अभी तक नहीं कर सके नगर निगम को इन कुत्तों को हटाना है। इनको रखने के लिए भी स्थान की व्यवस्था की जानी है। छत्ता जोन में सरकारी भूमि पर शेल्टर होम बनाने की योजना है, लेकिन ये काम भी अभी कागजों में चल रहा है। ऐसे में अगर सार्वजनिक संस्थानों से कुत्तों को हटाया भी जाएगा तो उनको रखा कहां जाएगा, इस पर सवाल खड़ा हो रहा है। पशु कल्याण अधिकारी डा. अजय कुमार ने बताया कि सार्वजनिक संस्थानों को पत्र भेज जानकारी मांगी जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### ब्राह्मण कल्याण मंच ने संतोष वर्मा का पुतला दहन किया



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड के गोराडीह में ब्राह्मण कल्याण मंच के द्वारा आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा जिन्होंने ब्राह्मण समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी कुछ दिनों पूर्व की थी उसका पुतला दहन किया गया। ब्राह्मण कल्याण मंच के संरक्षक सत्यनारायण ओझा ने मांग किया कि ऐसे पदाधिकारी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो, ताकि कोई भी किसी भी समाज के प्रति घृणा और देश में इस तरह के बयान न दें। वही अध्यक्ष अशोक ओझा ने बताया कि इस तरह का बयान संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है।पूरा ब्राह्मण कल्याण मंच इस तरह के बयान का पुरजोर विरोध करता है। सरकार से मांग करता है कि जल्द से जल्द कड़ी से कड़ी कार्रवाई किया जाए। प्रवक्ता इंद्रजीत मिश्र ने कड़ी निंदा करते हुए मांग किया कि ऐसे अधिकारी पदाधिकारी को तुरंत ही नौकरी से हटाया जाए। मौके पर उपाध्यक्ष रणजीत पांडे, महासचिव डॉक्टर सुमन मिश्रा, सुशील ओझा, भीम ओझा, प्रदीप ओझा सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### बंद रामेश्वर जुट मिल चालू करने का निर्देश एसडीओ ने दिया



लोकतंत्र की आवाज

समस्तीपुर। मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार द्वारा रमेश्वर जूट मिल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जूट मिल के अधिकारियों से विस्तृत बातचीत की और मिल संचालन को जल्द से जल्द प्रारंभ कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में भूमि से संबंधित लंबित समस्याओं की भी समीक्षा की गई, जिनका समाधान शीघ्र कराने का आश्वासन दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा किए गये इस महत्वपूर्ण निरीक्षण और आवश्यक दिशा–निर्देशों से रमेश्वर जूट मिल समस्तीपुर के पुनः शीघ्र खुलने की आशा और प्रबल हो गई है।

### भाकपा माले ने जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक करने का किया मांग



लोकतंत्र की आवाज

पूसा/समस्तीपुर। डॉ.राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में 24 नवंबर को कचरा उठाने में चार मजदूर बुरी तरह जख्मी हो गए,जिसका इलाज विश्वविद्यालय स्तर पर कराया जा रहा है। लेकिन इस घटनाक्रम में विश्वविद्यालय के द्वारा जो जांच बैठाई गई है,उसको भाकपा माले के द्वारा जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग की गई है। भाकपा माले सचिन अमित कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के द्वारा घटना के सात दिन हो जाने के बावजूद भी अभी तक इस घटना का उद्वेदन नहीं हो सका है। अतः कुलपति से आग्रह है कि इस घटना में विश्वविद्यालय स्तर से चल रही जांच को सार्वजनिक किया जाए।

### राजू कुमार कुश्ती में भाग लेने के लिए गोरखपुर रवाना



लोकतंत्र की आवाज

साहिबगंज। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 30 नवंबर से 04 दिसंबर 2025 तक गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय कुश्ती एस जी एफ आई प्रतियोगिता, अंडर 19 आयु वर्ग में भाग लेने के लिए जिले के चांद भैरव इनडोर स्टेडियम,साहिबगंज के संचालित खेलो इंडिया कुश्ती केंद्र के प्रशिक्षु राजू कुमार 60किलो वर्ग ग्रीकोरोमन स्टाइल कुश्ती में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए रांची में आयोजित विशेष प्रशिक्षण शिविर के उपरांत रवाना हो चुके हैं। राजू कुमार को उपायुक्त हेमंत सती, उपविकास आयुक्त सतीश चंद्रा,आई टी डी ए निदेशक संजय कुमार,अपर समाहर्ता गौतम भगत,जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गा नंद झा, जिला खेल पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला कुश्ती सचिव नमिता कुमारी,खेलो इंडिया कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक प्रकाश सिंह बादल, खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी समेत जिले के खेल प्रेमियों ने शुभकामना दी।

# दलसिंहसराय में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी और लिपिक 40 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



समस्तीपुर। दलसिंहसराय के अनुमंडल कृषि पदाधिकारी मधुबनी निवासी राकेश कुमार और उनके लिपिक बेगूसराय के तेघड़ा निवासी ललन कुमार को पटना निगरानी विभाग की टीम ने 40 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि दोनों ने बाजार समिति के सब्जी मंडी में अवैध निर्माण की अनुमति से जुड़े भ्रष्टाचार में लिप्त होकर रिश्वत की मांग की थी।पुलिस सूत्रों के अनुसार, दलसिंहसराय के बसढ़िया वार्ड संख्या 10 निवासी जगदीश सिंह के पुत्र प्रमोद कुमार सिंह ने कृषि विभाग पर भ्रष्टाचार की गंभीर शिकायत दर्ज कराई थी। प्रमोद ने बताया कि बाजार समिति के सब्जी बाजार में उनके और अन्य दुकानदारों के लगभग 36 सब्जी दुकानों का निर्माण किया गया था। चूंकि इन दुकानों के निर्माण के लिए प्रशासन की कोई अनुमति नहीं थी, इस कारण अनुमंडल कृषि पदाधिकारी राकेश कुमार ने दुकानदारों को धमकी देते हुए प्रति दुकान 80 हजार रुपये की रिश्वत मांगनी शुरू कर दी।

रिश्वत की इस भारी मांग और उत्पीड़न से त्रस्त प्रमोद कुमार सिंह ने अधिकृत अधिकारियों के पास शिकायत प्रस्तुत की। शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग के डीएसपी पावन कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम दलसिंहसराय पहुंची और एक जाल बिछाकर एसडीओ राकेश कुमार व उनके लिपिक ललन कुमार को रिश्वत लेते हुए दबोच लिया। गिरफ्तार की गई राशि 40 हजार रुपये की आंशिक रकम थी, जबकि बाकी धनराशि अब भी वसूली जानी थी। निगरानी विभाग ने आरोपियों को तुरंत पटना स्थित अपने कार्यालय ले जाकर प्राथमिक पूछताछ शुरू कर दी है। यह मामला स्थानीय प्रशासन और कृषि विभाग के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है। बाजार समिति के निवासियों और दुकानदारों में इस गिरफ्तारी को लेकर मिश्रित

**■ निगरानी विभाग की टीम ने किया छापा**

प्रतिक्रिया देखने को मिली है। कुछ लोग इसे भ्रष्टाचार के खिलाफ मजबूत प्रतिक्रिया मान रहे हैं, वहीं कुछ प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। इस घटना ने स्थानीय प्रशासन की छवि को काफी धक्का पहुंचाया है। दलसिंहसराय में लंबे समय से बाजार समिति के भीतर अवैध रूप से शब्जी दुकान का निर्माण को लेकर चल रहे विवादों और रिश्वतखोरी की बात लगातार उठती रही है। इस गिरफ्तारी से उम्मीद है कि भविष्य में ऐसे कुकर्मों पर नियंत्रण पाने में मदद मिलेगी।

प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि वह प्रशासन से अनुरोध करते हैं कि ऐसे भ्रष्टाचार के मामलों को सख्ती से जांचा जाए और दोषियों को उचित सजा मिले ताकि भविष्य में अन्य पदाधिकारी भी अपने दायित्वों को ईमानदारी से निभाएं। उन्हें उम्मीद है कि उनकी शिकायत पर कड़ी कार्रवाई करके प्रशासन ने एक मिसाल कायम की है।निगरानी विभाग की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है। यह मामला बिहार सरकार और कृषि विभाग के लिए न केवल अस्वीकार्य है, बल्कि यह स्थानीय लोगों में प्रशासनिक पारदर्शिता की मांग को और भी मजबूत करेगा। आगे की जांच और कार्रवाई का प्रशासन जल्द ही विवरण देगा।

## जगदीशपुर में सीओ के नेतृत्व में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



लोकतंत्र की आवाज



जगदीशपुर/भोजपुर। जगदीशपुर नगर पंचायत क्षेत्र में मंगलवार को प्रशासन ने बड़े स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। यह कार्रवाई भोजपुर डीएम तनय सुल्तानिया के निर्देश पर तथा सीओ विश्वजीत नीलांकार के नेतृत्व में ब्लॉक मोड़ से शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए सब्जी मंडी तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान टीम ने सड़क, फुटपाथ और सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अवैध कब्जों को हटवाया। कई गुमटी तोड़ी गईं, वहीं बढ़ाए गए शेड, ठेला-खोंचा और अन्य अतिक्रमणों को जेसीबी तथा मैनुअल तरीके से साफ कराया गया। सीओ विश्वजीत नीलांकार ने दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि पुनः अतिक्रमण पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में लगातार बढ़ते जाम, भीड़भाड़ और अव्यवस्था से राहत दिलाने के लिए यह अभियान चलाया गया।

डीएम तनय सुल्तानिया के निर्देश है कि मुख्य मार्गों और भीड़भाड़ वाले इलाकों को पूरी तरह अतिक्रमणमुक्त बनाया जाए, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू हो और आम लोगों को राहत मिले।सीओ ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा, और पुनः अतिक्रमण पाए जाने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्थानीय लोगों से नियमों का पालन करने और नगर को साफ-सुथरा व व्यवस्थित रखने में सहयोग देने की अपील की। अभियान के दौरान सब-इंस्पेक्टर रणविजय सिंह सहित नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद थे।

## प्राथमिक विद्यालय आहर उर्दू में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी में कई मुद्दों पर चर्चा



लोकतंत्र की आवाज

ताजपुर/समस्तीपुर। नगर परिषद ताजपुर के वार्ड 23 स्थित प्राथमिक विद्यालय आहर उर्दू में विद्यालय के पोषक क्षेत्र के अभिभावक के साथ शिक्षकों की बैठक वार्ड पार्षद सह विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अज़हर मिकरानी की अध्यक्षता में हुई।बैठक में छात्रों की उपस्थिति, पोषाहार की गुणवत्ता , पठन-पाठन की व्यवस्था , वर्गकक्ष की स्थित समेत विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा हुईं।विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार ने विद्यालय परिसर की घेराबंदी नहीं होने से हो रहीं परेशानी का मुद्दा उठाया इस पर वार्ड पार्षद ने स्कूल विकास फंड की राशि से स्कूल कैम्पस की घेराबंदी कराया जाएगा मौके पर शिक्षक मोहम्मद अंजार, मोहम्मद परवेज़, गौतम कुमार, शिक्षिका रिजवाना प्रवीण, बच्चों के अभिभावक मोहम्मद शाहिद, तबरेज़ आलम रॉक, मोहम्मद ताहिर, मोहम्मद खुर्शीद, मोहम्मद अनवर आदि मौजूद थे।

## तालबन्ना मोहल्ला में बीती रात अज्ञात अपराधियों ने की बुजुर्ग की हत्या, तफ्तीश में जुटी पुलिस

लोकतंत्र की आवाज



साहिबगंज। नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत तालबन्ना मोहल्ला में बीते रात्रि अज्ञात अपराधियों ने घर में घूस कर शातिर अंदाज में एक बुजुर्ग विश्वनाथ गुप्ता उम्र लगभग 74 वर्ष की हत्या कर दी। बताया जा रहा रहा है कि बुजुर्ग पूर्व में फल व्यवसाई था, बुजुर्ग होने के कारण वो घर पर ही रहा करता था। बुजुर्ग की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गयी। मृतक बुजुर्ग अपने ही पुस्तैनी घर के तीसरी मंजिला इमारत पर अकेले रहा करते थे, मृतक के चार पुत्री और एक पुत्र है। पुत्र वर्तमान में बेंगलुरु किसी विभाग में इंजीनियर पद पर कार्यरत है। उनके रिश्तेदार चंदन कुमार गुप्ता ने बताया गया।

मृतक के पुत्र द्वारा फोन किया गया फोन बंद आने के कारण अन्य रिश्तेदार को फोन पर इसकी सूचना दी गयी और बोला गया मोबाइल बंद क्यों आ रहा है। आगे बताया कि जाकर देखने के बाद पता चला कि वो मृत अवस्था में पड़े हुए है। हाथ, पैर को टेप से बांध दिया गया है। और मुंह में भी टेप मारा हुआ है। और सर पर गहरा निशान है, जिससे कारण खून निकल रहा था। घटना की खबर चंदन कुमार गुप्ता द्वारा नगर थाना पुलिस को दिया गया। पुलिस ने संज्ञान लेते हुए। डीएसपी विजय कुशवाहा, मेजर सार्जेंट रोहित दुबे, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, जीरवाबाड़ी पुलिस शशि सिंह और मुफ्फसिल थाना अनीस कुमार पांडे मौके पर पहुंच तफ्तीश में जुट गयी।

डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा ने बताया कि बुजुर्ग घर के तीसरी मंजिला पर अकेले रहा करते परिजन द्वारा फोन नहीं उठाने पर जाकर देखा गया तो मृत अवस्था में पड़ा मिला जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। मृतक के गले में सोने का चैन और हाथों में सोने की अगूंठी पहना करता था, घर में समान बिखरा पड़ा था। पुलिस हर एक एंगल से जांच कर रही है। जल्द ही उद्भेदन कर लिया जायेगा अपराधियों की गिरफ्तारी जल्द होगी। अब सवाल कि उस बुजुर्ग की हत्या किसने की यह काम शातिर अपराधियों का है, या और कुछ। पुलिस की तफ्तीश में घटना का पूरा माजरा पता चलेगा। मगर बड़ा सवाल बुजुर्ग की हत्या की वारदात शातिर तरीके से अपराधियों द्वारा दी गई है। जो पुलिस के लिए भी चुनौती पूर्ण देखा जा रहा है। मगर अब अपराधियों के बीच पुलिस का खौफ दिखता नजर नहीं आ रहा है। आए दिन अपराधियों द्वारा जिला में घटना को अंजाम देना अब आम बात हो गयी है। खबर लिखे जाने तक पुलिसिया कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम करने के लिए प्रक्रिया में जुटे थे।

## एसडीओ ने किया विधि व्यवस्था बनाये को लेकर बैठक

लोकतंत्र की आवाज



समस्तीपुर। अनुमण्डल पदाधिकारी दिलीप कुमार की अध्यक्षता में अनुमण्डल सभाकक्ष में विधि - व्यवस्था सम्बन्धी एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, अनुमण्डल अंतर्गत सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना अध्यक्ष तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक का मुख्य एजेंडा विवाह समारोहों एवं अन्य सामाजिक आयोजनों में बिना अनुमति देर रात तक डी जे बाजा बजाये जाने तथा अत्यधिक ध्वनि स्तर एवं अश्लील गीतों के प्रयोग से उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर समीक्षा करना था। यह पाया गया कि कई स्थानों पर निर्धारित मानक से अधिक ध्वनि प्रदूषण फैलाया जा रहा है जिससे आम जनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस पर अनुमण्डल पदाधिकारी दिलीप कुमार ने कड़ा निर्देश जारी करते हुए कहा कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों के लिए निर्धारित ध्वनि स्तर का पालन अनिवार्य होगा। बिना अनुमति किसी भी प्रकार का डी जे /बाजा रात देर तक नहीं बजाया जाएगा। अश्लील गीतों के प्रयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। निर्देशों के उल्लंघन पर संबंधित आयोजकों एवं डी जे संचालकों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में डी जे संचालक दल एवं भी उपस्थित थे, जिन्हें नियमों के पालन हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गये। बैठक का संचालन शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित वातावरण में किया गया तथा सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा - निर्देश देकर बैठक समाप्त की गई।

## प्रखंड अध्यक्ष रीना देवी की अध्यक्षता में झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सहिया कर्मचारी संघ के रामगढ़ इकाई की बैठक आहूत

लोक तंत्र की आवाज



रामगढ़(दुमका)। प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बजरंग बली मंदिर के प्रांगण में झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सहिया कर्मचारी संघ के रामगढ़ इकाई की एक बैठक मंगलवार को प्रखंड अध्यक्ष रीना देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सलाहकार समिति के सदस्य, प्रखंड उपाध्यक्ष नीलमनी हांसदा, जिला संरक्षक विजय कुमार दास मुख्य रूप से उपस्थित थे| बैठक को संबोधित करते हुए जिला संरक्षक विजय कुमार दास ने कहा कि स्वास्थ्य सहिया अच्छा कार्य कर रही है। ये सरकार का महत्वपूर्ण अंग है। स्वास्थ्य सुविधाएं जनता तक पहुंच रही है।

उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, संथाल परगना के लोकप्रिय विधायक बसंत सोरेन, लोकप्रिय विधायक डॉ लुईस मरांडी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि झारखंड सरकार ने स्वास्थ्य सहिया को 5500 रु प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है, यह खुशी का विषय है। जिला सलाहकार समिति सदस्य नीलमुनी हांसदा ने कहा कि स्वास्थ्य सहिया सरकार के द्वारा दिए गए सारे कार्य करती है| इसलिए एक निर्धारित मानदेय दिया जाय।

अध्यक्ष रीना देवी ने कहा कि स्वास्थ्य सहिया को मंईयां सम्मान योजना से जोड़ा जाए बैठक में विभिन्न मांगों पर चर्चा हुई| जिसमें समान काम समान वेतन लागू किया करने, स्वास्थ्य सहिया को नियुक्ति पत्र निर्गत करते हुए अनुबंध कर्मचारी घोषित करने, कोविड-19 का लंबित बकाया प्रोत्साहन राशि देने की मांग पर चर्चा की गयी। बैठक में नीलम देवी, मीरा देवी, गुड़िया देवी समेत दर्जनों स्वास्थ्य सहिया उपस्थित रही।

## इकरा कॉलोनी में तनाव, परिवार ने पड़ोसियों पर मारपीट व जान से मारने की धमकी का लगाया आरोप

लोकतंत्र की आवाज

साहिबगंज। जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के इकरा कॉलोनी, महाजन टोला में एक परिवार ने अपने पड़ोसियों पर लगातार गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाते हुए प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाई है। स्थानीय निवासी समीम अली (56), पिता स्व. अजीज अली ने लिखित शिकायत में बताया कि वे 1985 से अपने घर में रह रहे हैं, परंतु पड़ोसी मोहम्मद जौहर अंसारी, उसकी पत्नी बीबी नूरी और उसका भाई गौहर अंसारी आए दिन विवाद उत्पन्न कर परिवार को प्रताड़ित करते हैं। शिकायत के अनुसार 31 नवंबर को समीम अली

**■ पीड़ित ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई और परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की**

की 4 वर्षीय नतनी पर कथित रूप से कचरा फेंका गया, जिससे उसके चेहरे व आंख में चोट आई। विरोध करने पर आरोपियों ने हथियार लेकर घर में घुसकर पूरे परिवार को गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। परिजनों दामाद कमरुल जमा, पुत्र वसीम आलम सहित अन्य सदस्यों को भी धमकाते हुए कहा गया कि 'किसी भी वक्त बड़ी घटना कर देंगे।'

पीड़ित परिवार का आरोप है कि जौहर और गौहर अंसारी का मेलजोल क्षेत्र के दबंग और असामाजिक तत्वों से है, जिसके कारण वे इलाके में दहशत फैलाए हुए हैं। आरोप लगाया गया कि नगर परिषद के रोड निर्माण के नाम पर भी वे अनावश्यक विवाद खड़ा कर जमीन नापी तक होने नहीं दे रहे और विरोध करने वालों को लगातार धमका रहे हैं। समीम अली ने अपने आवेदन में स्पष्ट कहा है कि यदि भविष्य में उनके परिवार के किसी सदस्य के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी आरोपी पक्ष की होगी। पीड़ित ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई और परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

## 150 कार्टून चिप्स लूट मामले का पुलिस ने किया उदभेदन, दो धरायें

लोकतंत्र की आवाज



समस्तीपुर। मंगलवार को दलसिंहसराय थाना के थाना अध्यक्ष पिंकी प्रसाद ने प्रेस वार्ता कर मीडिया कर्मियों को जानकारी दिया कि दिनांक 09.11.25 को रात्री में राजमार्ग पर पाँच - सात अज्ञात बोलेरो पर सवार अपराधकर्मी द्वारा विद्यापतिनगर थाना क्षेत्र के शेरपुर ढेपुरा में एनएच 122 बी पर आईसर ट्रक सहित लदे 150 कार्टुन नमकीन चिप्स को लूट कर भागे गये अज्ञात अपराधियों की गिरफ्तारी दिनांक 09 नवंबर 2025 को रात्रि में हाजीपुर से पूर्णिया ले जा रहे ट्रक संख्या बीआर 01 जी पी 2906 के चालक से ट्रक सहित लदे 150 कार्टन नमकीन आईटम को पाँच-सात अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा बंधक बनाकर लूट करने की सूचना आकर वादी लालेश राय द्वारा दिनांक 10.11.25 को विद्यापतिनगर थाना में दिया गया था, जिसके आलोक में विद्यापतिनगर थाना काण्ड संख्या 169/25 दिनांक 10.11.25 धारा 310 (2) बीएनएस काण्ड दर्ज किया गया।

उक्त काण्ड के उदभेदन हेतु पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह के निर्देशन एंव अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी विवेक कुमार शर्मा के नेतृत्व में काण्ड का उदभेदन हेतु अनुसंधान किया गया। अनुसंधान के कम में डीआईयू शाखा समस्तीपुर के सहयोग से इस काण्ड में अप्राथमिकी अभियुक्त रणधीर कुमार पिता स्वार्थ राय साकिन डुमरी दक्षिणी थाना मोहनपुर जिला समस्तीपुर, अरविन्द कुमार पिता स्व रामाधार राय साकिन डुमरी दक्षिणी थाना मोहनपुर जिला समस्तीपुर को गिरफतार किया गया। गिरफतारी बाद दोनों के निशानदेही पर मोहनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जौनापुर हाई स्कूल से घटना में प्रयुक्त बोलेरो गाडी रजि० नंबर बीआर 07 पीए 4307 को जप्त किया गया। घटना के तुरन्त बाद ही तकनीकी साक्ष्य के आधार पर मोहीउद्दीननगर थाना के सहयोग से इस काण्ड में लूटी गयी ट्रक एवं 27 कार्टन नमकीन आईटम को बरामद किया गया।

थाना अध्यक्ष ने बताया कि लूटी गई ट्रक, लूटी गई ट्रक पर लदे नमकीन आईटम का 27 कार्टन, घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन, घटना में प्रयुक्त मोबाईल बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि फिरार अपराधी के विरूद्ध छामापारी जारी है एवं गिरफतार अपराधकर्मी का अपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। छापामारी दल में पु०नि० पिंकी प्रसाद दलसिंहसराय अंचल, पु०नि० शिवपूजन कुमार डीआईयू प्रभारी समस्तीपुर, पु०अ०नि० सूरज कुमार, विद्यापतिनगर थाना, पु०अ०नि० शक्ति कुमार विद्यापतिनगर थाना। पुअनि प्रिंस प्रशांत भारत डीआईयू शाखा, सिपाही संतोष कुमार डीआईयू शाखा, विद्यापतिनगर थाना के अन्य सशस्त्रबल के जवान शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें ।


### दिल्ली पब्लिक स्कूल के उद्घाटन समारोह में बोले प्रधानाध्यापक, बेहतर शिक्षा से ही समाज सुयोग्य बन सकता है



**संवाददाता मेराज आलम**

**गौनाहा** प्रखंड अंतर्गत धनौजी पेट्रोल पम्प के समीप दिल्ली पब्लिक स्कूल का भव्य उद्घाटन दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र सिंह व निरंजन पंजीयार ने दिप प्रज्वलित कर किया ।बिद्यालय मे नर्सरी से आठवी तक पठन पाठन व बच्वो को आने–जाने की गाड़ियों का भी उत्तम ब्योवस्था है ' बिद्यालय मे शिक्षक व महिला शिक्षिका कुल 12 है जो की काफी अनुभवि है ' बिद्यालय प्रधानाचार्य आदित्य कुमार चौबे ने अपने संबोधन में कहा कि बेहतर शिक्षा ही समाज को सुयोग्य बना सकता है तथा, थरूहट जैसे क्षेत्रों में स्त्रि२ स्कूल का होना जरूरी था इससे यहां के बच्चे अपने लक्ष्य तक पहुच सकेंगे ।

### शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, लाखों का नुकसान



समस्तीपुर। जिला के सिंघिया थाना क्षेत्र अंतर्गत नीरपुर भाररिय पंचायत के गोलिया गांव वार्ड संख्या 8 में बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग में एक घर पूरी तरह जलकर राख हो गया और दूसरा घर भी आधा जल गया। जिससे पीड़ित परिवार के लाखों का संपत्ति का नुकसान पहुंचा है। इस आग लगी की घटना पर आक्रोशित ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर आरोप लगाते हुए बताया कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण आये दिन आग लगी की घटना घटती रहती है। बिजली का तार का जंजाल इस क्षेत्र में मकड़ी का जंजाल बनकर रह गया है। ग्रामीणों ने बताया कि जो घर आग से पूरी तरह जल गया है वह घर मोहम्मद जहांगीर का था और 4 दिसंबर को उसकी लड़की की शादी थी। शादी के लिए जो सारा सामान रखा हुआ था जेवर जेबरात रूपए पैसे सारे इस आग की लपटों में जलकर स्वाहा हो गया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने इस आग पर काबू पाया तबतक पूरा घर आग से जलकर स्वाहा हो चुका था और दूसरा जो घर आधा जला है वह शबाना खातून का है। मौके पर पहुंची अग्निशमन की गाड़ी भी आग को बुझाने में लग गई। फिलहाल ग्रामीणों ने सीधा बिजली विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा है कि बिजली विभाग के ऊपर कार्रवाई की जाय और साथ ही पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया जाय। बहरहाल आग लगने से पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को विवश हो गये हैं।

### मुजफ्फरपुर : समाजसेवी को विधान परिषद मनाने कि मांग उत्तर विहार तक पहुची



**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में मंगलवार को दिन नगर के एक निजी होटल सभागार कक्ष में कुशवाहा समाज से जुड़े व्यक्तियों कि एक बैठक डा भुवनेश्वर मौर्य कि अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें कुशवाहा समाज कि एकता बनाये रखने के साथ साथ इस समाज के लोगों को राजनितिक में चढ बढ कर भाग लेने पर जोर दिया गया तथा कुशवाहा समाज से जिते सभी नवनिर्वाचित विधायकों को शुभकामनाएं दी गई और आशा व्यक्त किया गया कि अपने समाज के उत्थान के इन निर्वाचित विधायकों को आगे आना होगा वहीं जिस प्रकार कुशवाहा समाज ने एक बार फिर नितीश जी के नेतृत्व में अपना विश्वास व्यक्त किया है। इसलिए विहार के मुखिया को भी हमारे समाज के लोगों में खारा उतरना पड़ेगा तभी जाकर भविष्य में भी यह विश्वास कायम रहने कि संभावना है वहीं इस समाज के विशवास कि एक निव को मजबूत करने के लिए हमारे समाज के लोगों को यह विश्वास और मांग है कि विधान परिषद या सरकार किसी आयोग के अध्यक्ष पद के लिए हमारे समाज के बिच से चम्पारण कि धरती बेतिया के नौतन प्रखंड क्षेत्र के गहरी कोठी के रहने वाले समाजसेवी पुन्यदेव प्रसाद जी को विधान परिषद बना हमारे समाज कि मान सम्मान रखे बताते चलें कि श्री प्रसाद को विधान परिषद बनाने कि मांग पश्चिमी चंपारण के मौर्यवंशी समाज से जुड़े व्यक्तियों द्वारा बार–बार उठया जा रहा मौके पर डा विरेन्द्र कुमार,डा उमाशंकर सिंह, शिक्षक नरेश सिंह कुशवाहा,अमरजित सिन्हा, बालेश्वर सिंह कुशवाहा, सुरेंद्र कुशवाहा, प्रोफेसर सतिश कुमार,वैधनाथ सिंह कुशवाहा, योगेंद्र मौर्य,सचिन मौर्य आदि मौजूद रहे।

# टेलर ट्रक की चपेट में आया मालवाहक टेंपो, टेंपो में सवार एक युवक की मौत

लोक तंत्र की आवाज



**छपरा/एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र में छपरा-सिवान नेशनल हाईवे-531 पर माने मठिया गांव के समीप मंगलवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जब छपरा से एकमा की ओर माल लेकर आ रहे माल वाहक सीएनजी टेंपो ओवरटेक करने के दौरान एक टेलर ट्रक के पिछले हिस्से की चपेट में आ गया। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही सीएनजी टेंपो सवार एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान राजेश महतो (30), पिता योगेश्वर महतो, निवासी भुईली, थाना एकमा के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक विजय कुमार गुप्ता (35), पिता स्व. रामदयाल साह, निवासी भुईली बताया गया है। दोनों आपस में मित्र थे। बताया गया है कि छपरा शहर के मौना चौक से भतुआ पाग (पेठा) व आम का अमावट मिठाई थोक में खरीद कर फुटकर बिक्री के लिए किराए के सीएनजी टेंपो वाहन से एकमा बाजार ला रहे थे। तभी माने मठिया गांव के समीप मुख्य सड़क पर वे सड़क हादसे का शिकार हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक व सीएनजी टेंपो चालक दोनों अपने-अपने वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गये। हादसे के बाद नाराज लोगों ने सड़क पर शव रखकर कुछ देर तक सड़क जाम कर दिया। जिससे लगभग दो घंटे तक सड़क यातायात प्रभावित रहा। इसके पूर्व एकमा, रसूलपुर व दाउदपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर प्रभावी कार्रवाई की। पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक विजय कुमार गुप्ता को उपचार हेतु एकमा सीएचसी में पहुंचाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ कौशलेंद्र कुणाल ने घायल क प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार हेतु सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं पुलिस द्वारा नाराज लोगों को समझा-बुझाकर सड़क यातायात व्यवस्था सामान्य कराया गया। वहीं मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। बहरहाल, पुलिस मामले की जांच व फरार वाहन चालकों की तलाश कर रही है।

**घायल युवक विजय कुमार गुप्ता का बयानः** खेती-बाड़ी के अलावा नौकरी की तैयारी भी कर रहा था मृतक राजेश एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के दौरान घायल युवक विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि वह एकमा बाजार में ठेला लगाकर पेठा एवं फल की बिक्री करता है। मृतक राजेश महतो उसका दोस्त था। राजेश चार भाईयों में तीसरे नंबर पर था। दो भाईयों की शादी हो गई है। राजेश की शादी नहीं हुई थी। वह बीए तक पढ़ाई किया था। वह घर पर रहकर खेती-बाड़ी के अलावा नौकरी की तैयारी भी कर रहा था। विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को वह और उसका दोस्त राजेश महतो जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय में एक पुराने केस में अपनी हाजिरी देने गए थे। जहां से विजय कुमार गुप्ता फुटकर बिक्री के लिए पेठा खरीदने मौना चौक जाने लगा।

इस पर राजेश ने कहा कि चलो मैं भी देखता हूं कि पेठा तुम कहां से खरीदारी करते हो! दोनों आपस में मित्र थे। बताया गया है कि छपरा शहर के मौना चौक से पेठा (भतुआ पाग) मिठाई थोक में खरीद कर फुटकर बिक्री के लिए किराए के सीएनजी टेंपो वाहन से एकमा बाजार ला रहे थे। तभी माने मठिया गांव के समीप मुख्य सड़क पर वे सड़क हादसे का शिकार हो गए। सड़क पर ही सारा पेठा का कार्टून बिखर गया। हादसे के बाद विजय भी बेहोश होकर सड़क पर ही पड़ा रहा। विजय ने बताया कि होश आने पर उसने देखा कि उसका मित्र मौत की नींद सो रहा है। पेठा बिखरा पड़ा है। बिखरे पेठा को बटोरने की जब उसने कोशिश किया, तो आसपास घेरे हुए ग्रामीण उसे ही डांट-फटकार लगाने लगे। शायद उसे ही वे लोग सीएनजी टेंपो चालक समझ बैठे थे।

## औरंगाबाद : विश्व दिव्यांग दिवस पर शैक्षणिक सह सांस्कृतिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

**गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

गोह (औरंगाबाद) गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय मध्य विद्यालय प्रखंड कॉलोनी के प्रांगण में मंगलवार को विश्व दिव्यांगता दिवस के पूर्व दिन बिहार परियोजना द्वारा संचालित प्रखंड स्तरीय निशक्त संचालित शैक्षणिक सह संस्कृति एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार दिनकर,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अशोक कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक रविन्द्र कुमार सिंह, लेखापाल अमरेन्द्र कुमार, प्रखंड संसाधन सेवी अमित कुमार एवं भैया लाल ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता,सुई धागा दौड़, ब्रेल लेखन प्रतियोगिता एवं बालक बालिका दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में गोह प्रखंड अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों से आए हुए दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।इन बच्चों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार पाने वाले छात्र छात्राओं को कल होने वाले जिला स्तरीय विश्व दिव्यांगता दिवस समारोह में भाग लेंगे। वहीं बीडीओ डॉ राजेश कुमार दिनकर ने कहा कि इस प्रतियोगिता में 6 से 16 वर्ष के दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया। बच्चों के बीच खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अच्छा प्रदर्शन किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रोत्साहन के साथ-साथ पठन-पाठन सामग्री देकर सम्मानित किया गया। वहीं शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल का जिक्र करते हुए कहा कि ₹विकलांग₹ शब्द को बदलकर ₹दिव्यांग₹ किया गया है।उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पहले ऐसा आयोजन नहीं होता था। लेकिन अब प्रखंड स्तर पर भी दिव्यांग बच्चों के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा में लाने और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। इस मौके पर शारीरिक शिक्षक मनोज कुमार, दिव्यांग शिक्षक शंभू प्रसाद, अजय कुमार, अलका चौबे, अमित कुमार, रेखा कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## पीरपैंती प्रीमियर लीग में दो मैच खेले गए, विजेता को मिला पुरस्कार



लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** पीरपैंती प्रखंड के लक्ष्मीनारायण इंटरस्तरीय उच्च विद्यालय मलिकपुर के मैदान में चल रहे पीरपैंती प्रीमियर लीग मैच के तीसरे दिन दिन मंगलवार कोदो मैच खेले गए। पहला मैच रुद्रा राइडर्स वर्सेज नव भारत एकादश के बीच खेला गया। जिसमे रुद्रा राइडर्स 36 रन से जीता।। इस मैच में जिम्मी को मैंन ऑफ मैच से नवाजा गया। जिम्मी ने 43 गेंद में 124 रन बनाए। जिम्मी को जानिसार असलम ने पुरस्कृत किया। दूसरे मैच में जिंटा वर्सेज राजपुताना के बीच खेला गया। जिंटा की टीम ने 4 रन से विजेता बनी।दीपांकर सिंह को मैंन ऑफ द मैच चुना गया। जिसने 33 गेंद में 67 रन बनाए। मैच के निर्णायक सफी, मौसम राजाऔर काली चरण थे। कॉमेंटेटर अनिल रॉय,राजिक और रूपक थे ।

## औरंगाबाद - गोह ई किसान भवन में किसानों के बीच 950 क्विंटल गेहूं बीज का हुआ वितरण

लोकतंत्र की आवाज

**गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**



गोह (औरंगाबाद) गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित ई किसान भवन में मंगलवार को लगभग 300 किसानों के बीच गेहूं और मटर बीज का वितरण किया गया। कृषि कार्यालय में किसानों को बीज लेने के लिए काफी भीड़ लगी रही। इस संदर्भ में प्रखंड कृषि पदाधिकारी राहुल कृष्णमूर्ति ने बताया कि किसानों को शांति पूर्वक बीज वितरण करने के लिए दो काउंटर लगाए गए हैं। महिला किसान एवं पुरुष किसान के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिन किसानों को बीज लेना है। वे ऑनलाइन या स्वयं कृषि सलाहकार या कृषि समन्वयक से संपर्क स्थापित कर आवेदन ऑनलाइन करते हुए बायोमेट्रिक पद्धति से किसान बीज खरीद सकते हैं। फिलहाल रवि फसल के लिए प्रखंड कृषि कार्यालय में गेहूं और मटर का बीज वितरण किया जा रहा है। इससे पूर्व तेलहन और दलहन बीज का वितरण किया गया है। इस वर्ष स्वीट कॉर्न एवं बेबी कॉर्न का भी बीज उपलब्ध कराया गया है। इस संदर्भ में इच्छुक किसान प्रखंड कृषि कार्यालय से बीज खरीद सकते हैं। बीज खरीदने के लिए हो रहे किसानों की भीड़ को देखते हुए एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस बल की तैनाती की गई है।बीज वितरण सुबह दस बजे से लेकर शाम छः बजे तक किया जा रहा है। उर्वरक की उपलब्धता पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने कहा कि तत्काल उर्वरक समाप्त हो गया है। लेकिन उर्वरक की उपलब्धता आवश्यकता अनुसार बाजार में उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं किसान बीज लेने में काफी खुश दिखे। इस मौके कृषि समन्वयक राजेश कुमार, लेखापाल अमरेन्द्र कुमार, कृषि समन्वयक अंशुमान, मुकेश कुमार, रामविनय सिंह, बीज वितरण विक्रेता मुकेश कुमार एवं किसान पंसस रामकुमार, किसान मदन विंद, प्रवीण कुमार, दुर्गा प्रसाद सहित सैकड़ों किसान

## सिरदला पीएचसी में अंतर-विभागीय समन्वय बैठक, पल्स पोलियो अभियान की तैयारी तेज

लोकतंत्र की आवाज



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला, नवादा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला में मंगलवार को अंतर-विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव कुमार ने किया। आगामी 14 दिसंबर 2025 से 18 दिसंबर 2025 तक संचालित होने वाले पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान शत-प्रतिशत सफल हो, इसके लिए सभी विभागों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने टीकाकरण टीमों के गठन, बूथों की संख्या, आवागमन साधनों, माइक्रो प्लान तथा घर-घर भ्रमण की तैयारी की समीक्षा की। साथ ही सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया कि किसी भी बच्चे को टीका से वंचित न रहने दें।

इस बैठक में स्वास्थ्य प्रबंधक मनोज कुमार, बाल विकास परियोजना के सुपरवाइजर, डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि अनिल कुमार चौधरी, यूनिसेफ से राकेश कुमार एवं बीसीएम राजमणि कुमार सहित कई विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने अभियान के दौरान आने वाली संभावित चुनौतियों पर चर्चा की तथा उन्हें दूर करने के लिए आवश्यक कदमों पर सहमति बनाई। बैठक में यह भी तय किया गया कि जागरूकता अभियान को मजबूत किया जाए ताकि अधिक से अधिक अभिभावक बच्चों को पोलियो की खुराक दिलाने के लिए बूथों पर पहुंचें। अधिकारियों ने आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य कर्मियों को विशेष जिम्मेदारी देने पर जोर दिया।

## पकरीबरावा : 300 बच्चों को दिया गया कॉपी-कलम

लोकतंत्र की आवाज



**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** प्रखंड मुख्यालय के पकरीबरावा अंतर्गत ग्राम पंचायत डुमरांवा के गांव खपुरा में दिवंगत मुखिया की पुण्यतिथि पर खपुरा गांव में कार्यक्रम आयोजित कर 300 गरीबों के बीच अंग वस्त्र का किया गया वितरण गांव खपुरा में कार्यक्रम आयोजित कर 300 बच्चों के बीच कॉपी एवं कलम का वितरण किया गया पंचायत के दिवंगत मुखिया यदुनंदन शर्मा की नौवीं पुण्यतिथि पर यह कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण से की गई। इसके बाद आचार्य अनिल पांडेय द्वारा पूजा- अर्चना कराई गई। वारसी भजन के बाद कलाकार जितेंद्र एवं धर्मेन्द्र द्वारा भजन संध्या प्रस्तुत की गई। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किये गए भजन की लोगों ने जमकर सराहना की। दिवंगत मुखिया के पुत्र एवं विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार शाही, मुकेश कुमार, राजेश कुमार, विनय कुमार पिंटू आदि ने बताया कि पुण्यतिथि पर 200 गरीब निसहायों के बीच साड़ी, 100 गरीबों के बीच कंबल एवं 300 बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से कॉपी एवं कलम दिया गया। इस बीच उपस्थित लोगों ने दिवंगत मुखिया के शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में किये गए कार्यों की चर्चा की। उनके योगदानों को बताया गया। इस बीच पूर्व विधायक अरुणा देवी, रविकांत पूनम बीएड कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. रविकांत उर्फ अजय सिंह, अंबेडकर जागृति मंच के अध्यक्ष आसो पासवान, जिला परिषद प्रतिनिधि पंकज कुमार, विक्रम के बीजेपी नेता सुधीर शर्मा, जहानाबाद के अनिल कुमार, एक दर्जन से अधिक पत्रकारों सहित अन्य अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर तुना देवी, सुनिता शर्मा, उषा कुमारी, अनिता कुमारी, विभा कुमारी, ललिता शाही, रूबी देवी, किरण कुमारी, नवीन कुमार, मुरारी कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## नगर पंचायत का कचरा बन रहा वातावरण के लिए खतरा, प्रशासन मौन

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** नगर पंचायत क्षेत्र का कचरा अनुमंडल कार्यालय के पीछे विगत कई वर्षों से बेरोकटोक फेंका जा रहा है, जिससे आसपास के क्षेत्रों में दुर्गंध के साथ वातावरण प्रदूषण की समस्या गंभीर होती जा रही है। कचरे में अक्सर आग लग जाती है, जिससे जहरीला धुआं उठता है और वातावरण भी दूषित हो जाता है। हरदिया के निवासियों ने कचरे के इस अवैध डंपिंग के खिलाफ लोक शिकायत निवारण में केस दर्ज कराया था। इसके बाद नगर पंचायत प्रशासन ने कचरा फेंकने के लिए एक वैकल्पिक स्थान का चयन भी किया था, लेकिन अभी तक उसे धरातल पर लागू नहीं किया जा सका है। हरदिया सेक्टर-ए के दर्जनों लोग कचरे के जलने से बेहद परेशान हैं। स्थानीय निवासी बताते हैं, ₹यहां का वातावरण इतना दूषित हो गया है कि सांस लेना मुश्किल हो जाता है। बच्चों को खांसी एवं सांस की बीमारी हो रही है। प्रशासन को कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। नगर पंचायत के अधिकारी इस मामले में कुछ भी बोलने से बच रहे हैं।सूत्रों के मुताबिक, कचरा निपटान के लिए उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। इस बीच, हरदिया गांव के स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही कचरे की समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



**क्या है समाधानः** समाजसेवी जयपाल यादव ने बताया कि कचरा फेंकने के लिए चिन्हित स्थल पर तुरंत काम शुरू किया जाए।कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान सुनिश्चित किया जाए।साथ ही वातावरण प्रदूषण को रोकने के लिए स्थानीय प्रशासन को ठोस कदम उठाना चाहिए।

**क्या कहता है प्रशासनः** इस बाबत प्रभारी नगर पंचायत पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि नगर पंचायत के कचरा फेंकने के लिए रजौली पूर्वी पंचायत के झिरझो गांव में स्थल चिन्हित किया गया है,किंतु न्यायालय में चल रहे एक वाद के कारण कचरा वहां नहीं फेंका जा रहा है।उन्होंने कहा कि व्यवहार न्यायालय के लिए अनुमंडल कार्यालय के समीप आगामी कुछ दिनों में भूमिपूजन किया जाना है।तब स्वतः अनुमंडल कार्यालय के पीछे कचरा फेंकना प्रतिबंधित हो जाएगा।

## शिवहर : अधिकारिता मंत्रालय कटिबद्ध विभाग संरक्षक : राकेश तिवारी

लोकतंत्र की आवाज



**शिवहर।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के मुख्य कार्य अनुसूचित जाति,अन्य पिछड़ा वर्ग,दिव्यांग,वरिष्ठ नागरिक,ट्रांसजेंडर और नशीली दवाओं के दुरुपयोग से प्रभावित लोगों जैसे समाज के कमजोर और हाशिए के वर्गों के कल्याण, सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण से संबंधित हैं। जानकारी देते हुए जिले के बिशनपुर किशुनदेव निवासी व विश्व हिंदू परिषद विभाग के संरक्षक एवं भारत सरकार सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय के सदस्य राकेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रालय इन लक्ष्यों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्राप्त करता है,जिसमें कौशल विकास,वित्तीय सहायता और जागरूकता अभियान शामिल हैं। विश्व हिंदू परिषद के विभाग संरक्षण श्री तिवारी ने बताया है कि मंत्रालय के प्रमुख कार्य है कि कमजोर वर्गों का कल्याण हेतु-अनुसूचित जाति (एसी),अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी),ट्रांसजेंडर व्यक्ति और विमुक्त घुमंतू समुदायों जैसे लक्षित वर्गों की भलाई के लिए योजनाएं बनाना और लागू करता है। आगे उन्होंने कहा है कि दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण को लेकर मोदी सरकार ने 2016 से ही 11 प्रकार के योजनाओं से लाभान्वित कर रहे थे अब 21 प्रकार के योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया है कि इन समूहों को समाज की मुख्यधारा में एकीकृत करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।' पीएम-दक्ष' जैसी योजनाओं के माध्यम से कमजोर वर्गों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रम प्रदान करना है। शिल्प समागम मेलों के आयोजन जैसे पहलों के माध्यम से सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना लक्ष्य है। भारत सरकार सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय के सदस्य राकेश तिवारी ने विशेष भेंटवार्ता में कहा है कि दिव्यांग व्यक्तियों को सहायता और उपकरण प्रदान करने के लिए 'एडीआईपी' जैसी योजनाओं का संचालन करना है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### हथियार लहराते वायरल वीडियो मामले में 1 देशी कट्टा और 1 जिंदा कारतूस बरामद



लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवादाता । बीते दिनों सोशल प्लेटफॉर्म पर हथियार लहराते दो युवक का वीडियो काफी वायरल हो रहा था। वायरल वीडियो सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत बसनही थाना क्षेत्र के होने की संभावना जताई जा रही थी। उक्त वायरल वीडियो काफी चर्चा में आई थी। जिसके बाद एसपी हिमांशु के निर्देश पर वीडियो की साइबर जांच की गई। जांच में वीडियो सत्य पाया गया। उक्त वीडियो जिले के बसनही थाना क्षेत्र का ही पाया गया था। जिसके बाद बसनही थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा आरोपी के घर पर छापामारी की गई थी। जिसमें दोनों आरोपी की गिरफ्तारी हुई थी। साथ ही एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ था ।बसनही थाना अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि उनके नेतृत्व में गठित टीम द्वारा थाना क्षेत्र के बैठमुसहरी गांव में छापेमारी की गई थी ।जहां से प्रेमचंद कुमार को पकड़ा गया था। पूछताछ में उन्होंने हथियार अंकेश कुमार के होने का बताया था। जिसके बाद उनके निशानदेही पर अंकेश के घर पर छापामारी की गई थी। जिसमें उनकी गिरफ्तारी हुई थी। साथ ही उनके कमरे में विस्तर के नीचे छिपा कर रखा हुआ 1 देसी कट्टा और 1 जिंदा कारतूस बरामद किया गया था। जिसके बाद दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट की धारा 25 (1–बी) ए/26/35 के तहत मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया था।

### शिक्षक के सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवादाता। प्रखंड के कांठो पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय बलवाहट स्थित पदस्थापित सहायक शिक्षक मो. मंजर आलम के सेवनिवृति उपरांत विद्यालय परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन प्रभारी प्रधानाध्यापक ब्रजेश कुमार की अध्यक्षता में किया गया। वहीं कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कृपानंद ठाकुर के द्वारा किया गया। आयोजित समारोह को कई वक्ताओं ने संबोधित करते हुए सेवानिवृत शिक्षक के 14 वर्षों के कार्यकाल का विद्यालय में शिक्षा के प्रति ईमानदारी पूर्वक किये कार्य, मधुर स्वभाव और कर्तव्य निष्ठा का चर्चा किये। वही कहा कि सेवा में आने वाले का सेवानिवृत होना एक परंपरा है, जिसका हर किसी को पालन करना होता है। इनका शिक्षको और छात्रों से हमेशा मधुर संबंध बना रहा, आज इनका विद्यालय से जाना हम सबों के लिए काफी दुखदायी है। सबने उनकी दीर्घायु और स्वस्थ्य जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनके स्वभाव और कर्तव्य निष्ठा का एक उपहार है ।तत्पश्चात प्रभारी प्रधानाध्यापक ब्रजेश कुमार सिंह, विद्यालय के शिक्षक और गणमान्य लोग द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षक को माला पहनाकर शाल ओढ़ाकर सम्मानित किए, वहीं प्रधानाध्यापक, शिक्षक, शिक्षिका, छात्र छात्रा और गणमान्य लोग द्वारा कई उपहार भेंट स्वरूप दिया गया। इस मौके पर अभिभावक विनय कुमार सिंह, कौशल कुमार सिंह, जीवन कुमार सिंह प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय गलफरिया, शिक्षक संजय कुमार खां, सुजीत कुमार सिंह, मदन ठाकुर, चन्दा कुमारी सहित अन्य शिक्षक व शिक्षिका मौजूद रहे।

### हीरक जयंती समारोह में पहुँचे मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय



लोकतंत्र की आवाज

पटना। पटना विश्वविद्यालय के जयप्रकाश नारायण अभिषद भवन (व्हीलर सीनेट हॉल) में मंगलवार अपराह्न पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ.) रास बिहारी प्रसाद सिंह के 75वें जन्मवर्ष पर हीरक जयंती अभिनंदन ग्रंथ समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इसी दौरान मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय, जो मंगलवार को अपराह्न 1:15 बजे विश्वविद्यालय परिसर से पटना उच्च न्यायालय में शपथ–पत्र पर हस्ताक्षर के लिए निकले थे, जे.पी. गंगा पथ (मरीन ड्राइव) पर 3 :45 बजे गुजरते समय संयोगवश समारोह की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही वे तुरंत कार्यक्रम स्थल पहुँचे। कार्यक्रम के संपादक एवं मंच संचालन कर रहे डॉ. ध्रुव कुमार ने कुलसचिव डॉ. राय को भी मंच से अपनी संक्षिप्त बात रखने का अवसर दिया। डॉ. राय ने प्रो. रास बिहारी प्रसाद सिंह के शिक्षण, शोध और प्रशासनिक योगदानों को अद्वितीय बताते हुए उन्हें हीरक जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। समारोह में मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही, नालंदा खुला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार, भारत सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. संजय पासवान, मगध विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. कार्यानंद पासवान सहित अनेक शिक्षाविद् और गणमान्य व्यक्तित्व उपस्थित थे।

# "एड्स रोकथाम जागरूकता ही एकमात्र सबसे बड़ा हथियार" : प्राचार्य डॉ. गुलरेज रौशन रहमान

■ वर्ल्ड एड्स डे 2025 पर राजेन्द्र मिश्र महाविद्यालय सहरसा में संगोष्ठी आयोजित जागरुकता रैली निकली

लोक तंत्र की आवाज



**सहरसा।** विश्व एड्स दिवस 2025 के मौके पर राजेन्द्र मिश्र महाविद्यालय, सहरसा में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी आयोजित की गई। इसके उपरांत प्राचार्य प्रो. (डॉ.) गुलरेज रौशन रहमान ने तिवारी टोला बायपास रोड पर जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**एड्स दिवस का वैश्विक संदेश : जागरूकता, स्मरण और सहयोग:** प्राचार्य डॉ. गुलरेज रौशन ने कहा—"एड्स के खिलाफ सबसे प्रभावी हथियार सिर्फ जागरूकता है, और समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी से ही हम HIV संक्रमण के खतरे को कम कर सकते हैं।" उन्होंने कहा कि विश्व एड्स दिवस सिर्फ एक औपचारिक दिवस नहीं बल्कि ज्ञान, सहानुभूति और जिम्मेदारी का सामूहिक संकल्प दिवस है।

**NSS ने किया जागरूकता का नेतृत्व : "Save Life–Stop AIDS" के नारे गूंजे:** कार्यक्रम की शुरुआत NSS यूनिट–1 के संयोजक डॉ. इन्द्र कांत झा के तकनीकी वक्तव्य से हुई। उन्होंने बताया— "एचआईवी शरीर की CD4 कोशिकाओं को नष्ट कर प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देता है।यह लाइलाज बीमारी है, इसलिए जागरूकता ही प्रमुख बचाव है।"

**पूर्व समन्वयक डॉ. कविता कुमारी ने एड्स बचाव के 5 प्रमुख उपायों पर बल दिया—** सुरक्षित यौन संबंध, इस्तेमालशुदा सुई/सीरिंज साझा न करना, सुरक्षित रक्त चढ़ाना, गर्भवती HIV+ महिलाओं को डॉक्टर की निगरानी, रेज़र/टूथब्रश साझा न करना

**एड्स दिवस 2025 की अंतरराष्ट्रीय थीमः** "बाधाओं पर विजय, एड्स प्रतिक्रिया में परिवर्तन" डॉ. अक्षय कुमार चौधरी ने बताया कि यह थीम 2030 तक एड्स उन्मूलन के वैश्विक लक्ष्य को रेखांकित करती है। यह स्वास्थ्य अधिकारों, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और सतत नीतिगत सुधारों को मजबूत करने का संदेश देती है।

**रैली ने दिया समाज को संदेशः "एड्स मिटेगा—जागरूकता बढ़ेगा":** NSS यूनिट–2 के संयोजक डॉ. अमिष कुमार के नेतृत्व में निकाली गई रैली में छात्रों ने एचआईवी रोकथाम से जुड़े स्लोगन के साथ लोगों को जागरूक किया। रैली पूरे तिवारी टोला बायपास रोड से गुजरते हुए लोगों को एड्स के खिलाफ सुरक्षा उपायों से अवगत कराती रही।

**शिक्षकों और कर्मियों की बड़ी उपस्थिति ने कार्यक्रम को बनाया प्रभावीः** कार्यक्रम में डॉ. पूजा कुमारी, डॉ. अर्पणा, डॉ. पिंकी, डॉ. गोपाल कुमार, डॉ. रमानंद रमण, डॉ. प्रतिभा कपाही, डॉ. संजय कुमार, डॉ. भगवती, डॉ. सुप्रिया कश्यप, डॉ. कमलाकांत झा, डॉ. आलोक कुमार झा, डॉ. बिलो राम, नवीउल इस्लाम, डॉ. प्रीति कुमारी, डॉ. प्रशांत कुमार मनोज, डॉ. संजय परमार, डॉ. रूद्र किंकर वर्मा, डॉ. सुदीप कुमार झा, डॉ. सतीश राज, डॉ. असरारूल, डॉ. गौतम, डॉ. बिट्टू, डॉ. आनंद मिश्रा, डॉ. धनंजय कुमार, डॉ. नीशित रंजन, डॉ. सोनी, डॉ. लक्ष्मण, डॉ. रौशन, डॉ. अनील, सौरभ पाण्डेय, प्रशाखा पदाधिकारी नंद किशोर झा सहित रणधीर झा, आशुतोष कुमार पाण्डेय, आलोक कुमार, हिफाजत, सुमित मिश्रा, हैदर, सोहराब शामिल रहे।

**एड्स जागरूकता अभियान बना सामाजिक संकल्पः** राजेन्द्र मिश्र महाविद्यालय ने एक बार फिर सिद्ध किया कि शिक्षा केवल अभ्यासन नहीं—समाज के प्रति जिम्मेदारी का संवेदनशील विस्तार है। संगोष्ठी और रैली दोनों ने स्पष्ट संदेश दिया कि—"एड्स से लड़ाई विज्ञान की नहीं, जागरूकता और सामाजिक एकता की लड़ाई है।"

### ज्योति विवेकानन्द संस्थान ने शहर के रेड लाइट एरिया में आयोजित किया एचआईवी जांच व जागरूकता शिविर



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** विश्व एचआईवी एड्स दिवस के अवसर पर सोमवार को ज्योति विवेकानन्द संस्थान के तत्वावधान में शहर के रेड लाइट एरिया में एक विशेष एचआईवी जांच व जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में संस्थान के प्रबंध निदेशक ज्योति मिश्र, ट्रस्टी राकेश गुप्ता, तरूण मिश्र, रंजन कुमार, मनोज जी, योगेश जी, अरुण जी के साथ-साथ सदर अस्पताल और सदर थाना के अधिकारी भी मौजूद रहे। शिविर के दौरान भारतीय नगर वार्ड नं०-01 के रेड लाइट एरिया में दो दर्जन से अधिक सेक्स वर्कर्स का एचआईवी जांच किया गया, जिसमें 4 पॉजिटिव केस पाए गए।

इन सभी मरीजों को आगे की ट्रीटमेंट के लिए सिविल सर्जन के मार्गदर्शन में उपचार व्यवस्था की जाएगी। जिला प्रशासन ने इस जांच अभियान में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया और रेड लाइट एरिया के सभी व्यापारियों तक जांच पहुंचाने में भूमिका निभाई। ज्योति मिश्र ने बताया कि जिले में इससे पहले 7 एचआईवी पॉजिटिव मरीज मिले थे। साथ ही उन्होंने चिंता जताई कि दलालों की मिलीभगत से नाबालिग लड़कियों को जबरन इस व्यापार में धकेला जा रहा है, जिससे असुरक्षित व अनैतिक सेक्स के कारण एचआईवी जैसी घातक बीमारी फैल रही है। शिविर में कुछ नाबालिग लड़कियों ज्योति विवेकानन्द सरयान को भी चिन्हित किया गया, जिन्हें तुरंत रेस्क्यू करने की आवश्यकता है। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन से मिलकर विशेष जांच कराने की बात कही। ज्योति विवेकानन्द संस्थान द्वारा सामाजिक कार्यों के लिए ज्योति मिश्र को दिल्ली, पटना, भोपाल, राजस्थान तथा थाईलैंड की संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने एचआईवी की रोकथाम के लिए जागरूकता को सबसे प्रभावी उपाय बताया और संस्थान नियमित रूप से जांच व जागरूकता शिविर आयोजित करता रहेगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा मनोहर उच्च विद्यालय के प्रांगण से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसकी शुरुआत अस्पताल अधीक्षक एसके आजाद ने झंडी दिखाकर की।

### सांसद ने युवाओं के रोजगार अवसरों और खेल अवसंरचना की कमी पर संसद में उठाया सवाल

लोकतंत्र की आवाज



प्रवीण कुमार

**कटिहार।** लोकसभा में प्रश्न संख्या 186 के तहत सांसद तारिक अनवर द्वारा कटिहार जैसे पिछड़े क्षेत्रों में युवाओं के कौशल विकास, रोजगार अवसरों और खेल अवसंरचना की कमी पर सवाल उठाया गया। इन सवालों के उत्तर मे मंत्रालय ने बताया कि कौशल विकास के लिए कई योजनाएँ, मेरा युवा भारत, PMEGP, PMKVY, NAPS आदि-लागू हैं, लेकिन बिहार में नये स्टेडियम या जिला स्तरीय खेल अकादमियों के लिए इस समय कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

साथ ही, बिहार सरकार के साथ किसी संयुक्त युवा नीति पर भी अभी विचार नहीं किया जा रहा है। सांसद तारिक अनवर ने कहा कि सीमांचल क्षेत्र के युवाओं की ज़रूरतों को देखते हुए केंद्र सरकार को विशेष योजनाएँ और खेल व कौशल अवसंरचना पर तुरन्त ध्यान देना चाहिए। कटिहार जिला कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता पंकज कुमार तमाखुवाला ने बताया कि जनहित के मुद्दों को सदन मे उठाते रहने के लिए सांसद तारिक अनवर प्रतिबद्ध है।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक में विभिन्न विकास कार्यों एवं न्यायिक मामलों की गहन समीक्षा

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवादाता।** स्थानीय विकास भवन में सोमवार को जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में माननीय उच्च न्यायालय से संबंधित न्यायिक वादों की वर्तमान स्थिति, संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन, धान अधिप्राप्ति, भूमि उपलब्धता और अन्य विकास संबंधी मुद्दों पर विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान भू-अर्जन कार्यालय, नगर आयुक्त कार्यालय, डीसीएलआर सिमरी बख्तियारपुर, प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय, अंचलाधिकारी कार्यालय सहित विभिन्न विभागों में न्यायिक वाद लंबित पाए गए। इन्हें अगली बैठक तक आवश्यक एसओएफ दायर करने एवं सूचना जिला विधि शाखा को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। सरकारी भवनों एवं अवसंरचनाओं के निर्माण हेतु भूमि उपलब्धता पर चर्चा हुई।

वेडिंग जोन प्लेटफॉर्म निर्माण के लिए सात अंचलों से भूमि उपलब्धता संबंधी प्रतिवेदन अभी तक प्राप्त नहीं होने पर संबंधित अंचलाधिकारीयों को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। सोनवर्षा अंचल अंतर्गत शाहपुर में पंचायत सरकार भवन के लिए भूमि सीमांकन कार्य शीघ्र पूर्ण कराने को कहा गया। प्रखंड स्तर पर विवाह भवन निर्माण हेतु भूमि अभिलेखों की स्थिति पर भी चर्चा हुई। सौर बाजार, नवहट्टा, सिमरी बख्तियारपुर एवं सलखुआ से अभिलेख प्राप्त नहीं होने की जानकारी देते हुए संबंधित अधिकारियों को अभिलेख उपलब्ध कराने कहा गया। साथ ही सत्तर कटैया में महिला छात्रावास के लिए तथा दिव्यांगजन आवासीय विद्यालय हेतु भूमि चिन्हित कर सीमांकन कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

मिथिला हाट के विकास हेतु भूमि उपलब्धता पर भी विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। नगर निगम को मत्स्यगंधा क्षेत्र की साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सभी संबंधित विभागों को संचालित योजनाओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कदम उठाने को कहा गया। बैठक में उप-विकास आयुक्त संजय कुमार निराला, अपर समाहर्ता संजीव कुमार चौधरी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### "अनुभव की ताक़त... मर्यादा की पहचान... और नेतृत्व का नया अध्याय" - नूतन गुप्ता ने प्रेम कुमार को दी 'दिल जीत लेने वाली' बधाई

लोक तंत्र की आवाज



**पटना।** बिहार की राजनीति के सबसे सधे, सबसे अनुभवी और जनता के प्रिय चेहरे माननीय प्रेम कुमार के बिहार विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने पर जिला भाजपा पूर्णिया की मंत्री एवं प्रखर नेत्री नूतन गुप्ता ने दिल की गहराइयों से बधाई दी।

नूतन गुप्ता का बयान कुछ अलग ही तेवर लिए रहा—"आपका शांत स्वभाव, आपकी संयमित कार्यशैली और जनता के प्रति अटूट समर्पण—विधानसभा की गरिमा को एक नई ऊँचाई देकर जाएगा। बिहार को आज ऐसा ही नेतृत्व चाहिए था।"

**9 बार विधायक—यह इतिहास है, सिर्फ राजनीतिक आँकड़ा नहीं:** उन्होंने आगे कहा—"गया की जनता ने आपको 9 बार लगातार चुना है। यह सिर्फ जीत नहीं—यह जनता का विश्वास है, जो आपके व्यक्तित्व और ईमानदारी से पैदा हुआ है।" उनकी बातों में सम्मान भी था और एक गर्व की अनुभूति भी। नूतन गुप्ता ने प्रार्थना करते हुए कहा— "ईश्वर आपको स्वस्थ रखे, ऊर्जा दे और वह शक्ति दे जिससे आप बिहार विधानसभा को नई ऊँचाइयों तक ले जाएँ।"

**एक शुभकामना... जो संदेश भी देती है और सम्मान भी:** नूतन गुप्ता का यह वक्तव्य आज की राजनीति में संयम, संस्कार और सकारात्मक नेतृत्व की जरूरत को रेखांकित करता है। उनके शब्दों में वह आत्मीयता थी, जो व्यक्तित्व और अनुभव को सच्चा सम्मान देती है।

### "छातापुर की जनता अब परिणाम चाहती है, सिर्फ़ शपथ नहीं" - वीआईपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सन ऑफ मिथिला संजीव मिश्रा का तीखा संदेश

लोक तंत्र की आवाज



■ उन्होंने साफ चेताया कि जनता अब यह देखने को बेकरार है कि सरकार में होने का लाभ छातापुर को कब और कैसे मिलेगा

**छातापुर।** वीआईपी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, छातापुर की धरती के लाल और "सन ऑफ मिथिला" के नाम से प्रसिद्ध संजीव मिश्रा ने छातापुर विधानसभा से छठी बार विजयी होकर शपथ लेने वाले विधायक नीरज कुमार सिंह बबलू को बधाई तो दी, लेकिन साथ ही जनता की पीड़ा को बेहद स्पष्ट और सटीक शब्दों में सामने रखा।

**"छह बार का जनादेश सम्मान नहीं, भारी ज़िम्मेदारी है":** संजीव मिश्रा ने कहा"लगातार छह बार जनता ने आपको अवसर दिया है। यह सम्मान नहीं, बल्कि जवाबदेही को और भारी बनाता है। छातापुर की जनता अब पुराने वादे नहीं, धरातल पर परिणाम चाहती है।" उन्होंने साफ चेताया कि जनता अब यह देखने को बेकरार है कि सरकार में होने का लाभ छातापुर को कब और कैसे मिलेगा।

**छातापुर की जमीनी सच्चाई : अब भी वही संकट, वही दर्दः** संजीव मिश्रा ने छातापुर की वास्तविक समस्याओं को बिना लाग–लपेट सीधे शब्दों में रखा— स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली, अधूरी पुल–पुलिया परियोजनाएँ, दलित–महादलित टोलों में सड़क विस्तार की कमी, डिग्री कॉलेज की वर्षों पुरानी अनसुनी मांग, और यूरिया संकट व थाना व ब्लॉक में गहरी जड़ें जमा चुका भ्रष्टाचार उन्होंने कहा कि ये दर्द छातापुर के हर गांव, हर टोले, हर परिवार की आवाज़ हैं—और अब यह आवाज़ बदलाव चाहती है।

**"इस बार कार्यकाल, जीत से बड़ा होना चाहिए":** संजीव मिश्रा ने विधायक को संदेश दिया—"माननीय जी, जनता चाहती है कि आपका छठा कार्यकाल सिर्फ़ शपथ तक सीमित न रह जाए ।सदन से सड़क तक, छातापुर के मुद्दों पर निर्णायक कदम उठाए जाएँ। छातापुर इंतज़ार कर रहा है—इस बार काम आपकी जीत से बड़ा हो।"

# "बिहार विधानसभा को मिला सधा हुआ, संतुलित और अनुभवी अध्यक्ष"

■ डॉ. प्रेम कुमार को स्पीकर चुने जाने पर पूर्णिया सदर विधायक विजय खेमका ने दी हार्दिक बधाई

लोक तंत्र की आवाज



**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं गया जी टाउन विधानसभा क्षेत्र से माननीय विधायक डॉ. प्रेम कुमार को सर्वसम्मति से बिहार विधानसभा का अध्यक्ष चुने जाने पर पूर्णिया सदर सीट के विधायक विजय खेमका ने उनसे मुलाकात कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विधायक खेमका कहा कि— "डॉ. प्रेम कुमार का अनुभव, जनता के प्रति संवेदनशीलता और उनकी शांत नेतृत्व शैली बिहार विधानसभा को नई दिशा देगी। उनका अध्यक्ष बनना बिहार के लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए शुभ संकेत है।"

उन्होंने आगे कहा कि यह चयन न सिर्फ सम्मान है, बल्कि विधानमंडल की गरिमा को और मजबूती प्रदान करेगा। पूर्णिया सदर विधायक विजय खेमका ने विश्वास जताया कि डॉ. प्रेम कुमार के नेतृत्व में बिहार की संसदीय परंपराएँ और अधिक समृद्ध होंगी और विधान कार्यवाही अधिक प्रभावी, सौहार्दपूर्ण और पारदर्शी बनेगी।

# जयमाला शिक्षा निकेतन में बाल श्रम आयोग के चेयरमैन अशोक कुमार बादल का भव्य स्वागत, उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

लोकतंत्र की आवाज







प्रवीण कुमार

**कटिहार।** जयमाला शिक्षा निकेतन में आज एक महत्वपूर्ण अवसर पर बिहार राज्य बाल श्रम आयोग के चेयरमैन अशोक कुमार बादल का आगमन हुआ। छह माह पूर्व नियुक्त हुए चेयरमैन श्री बादल के विद्यालय आगमन पर निदेशक डॉ. एस. के. सुमन ने पुष्पगुच्छ व सौल भेंट कर उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया।

विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री बादल ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि "आपके माता-पिता ने जिन सपनों को किसी कारणवश पूरा नहीं कर सके ।उन सपनों को पूरा करने की जिम्मेदारी आज आपके कंधों पर है। कठिन परिश्रम ही सफलता का मार्ग है और उसी के बल पर आप अपने माता-पिता का सम्मान बढ़ा सकते हैं। उन्होंने विद्यालय परिसर में प्रदर्शित विभिन्न पोस्टरों का उल्लेख करते हुए कहा कि जैमाला शिक्षा निकेतन का इतिहास गौरवपूर्ण रहा है। नेट, एलडीए सहित कई प्रतियोगिता परीक्षाओं में यहां के पूर्ववर्ती छात्र सफल होकर विद्यालय का नाम रोशन कर चुके हैं। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि वे इन सफल छात्रों से सीख लेकर अपने लक्ष्य को साकार करें।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं एवं शैक्षणिक उपलब्धियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कई छात्र-छात्राओं को श्री बादल ने सम्मानित किया।

सम्मानित छात्रों में नर्सरी वर्गः हिमांशु मुर्मू ,आरभ कुमार, मिश्रा जानवीकुमारी, यूकेजीः नव्यांश देव, हर्षराज, मोहम्मद फैजान, वनः रिशिका भारती, ऋतिका सिन्हा, सारस टूः पलक कुमारी, निसान अहमद, नमन झा आकांक्षा कुमारी, भारत लाभ, प्रतीक्षा कुमारी, राधिका कुमारी, यशराज, आरभ कुमार, शिव कुमार, फोरः रौनक राज, सिद्धि कुमारी, आदित्य राज, तेज प्रताप, प्रतीक कुमार, बिहान कुमार, फाइवः आयुष राज, आन आदि शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### धनबाद बाघमारा के शिव मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन में भागीदारी सुनिश्चित किए : शत्रुधन महतो



लोकतंत्र की आवाज़
पप्पु गुप्ता , ब्योरो चीफ
धनबाद कतरास। मुराईडीह कॉलोनी में शिव मंदिर निर्माण कार्य से पूर्व बाघमारा विधायक श्री शत्रुघ्न महतो ने विधिवत् भूमि पूजन किए , यह भूमि पूजन मंदिर निर्माण कार्य शुरू करने से पहले देवी-देवताओं, विशेषकर भूमि देवी और वास्तु पुरुष की अनुमति और आशीर्वाद प्राप्त करना होता हैं ,इस अनुष्ठान का उद्देश्य भूमि की नकारात्मक ऊर्जाओं को दूर करना, वास्तु दोषों का निवारण करना और निर्माण कार्य की सुचारू और धर्म के प्रति सफल प्रगति सुनिश्चित करना है। सम्पूर्ण क्रियाविधि के पश्चात शिव मंदिर निर्माण कार्य की प्रक्रिया सुचारू रूप से प्रारम्भ होगी

### धनबाद कतरास के अंगारपथरा में जहरीली गैस का रिसाव, ग्रामीणों में हड़कंप



लोकतंत्र की आवाज़
पप्पु गुप्ता , ब्योरो चीफ
कतरास/अंगारपथरा। बंद पड़ी बड़े माँ अम्बे आउटसोर्सिंग कंपनी के ऑफिस के सामने से अचानक जहरीली गैस के रिसाव की सूचना से पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। जहरीली गैस की तेज गंध के कारण आसपास के ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है। कई लोग आंखों में जलन, सांस लेने में कठिनाई और चक्कर आने जैसी समस्याओं की शिकायत कर रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन और बीसीसीएल प्रबंधन से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। सूत्रों के अनुसार, गैस रिसाव का स्रोत एक पुरानी पाइपलाइन या जमीन के भीतर पड़े सड़े-गले रसायन हो सकते हैं, लेकिन आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। स्थानीय प्रबंधन और पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई है तथा गैस रिसाव के कारण का पता लगाया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि रिसाव को तुरंत नियंत्रित नहीं किया गया, तो स्थिति गंभीर रूप ले सकती है।

### धनबाद सांसद श्री ढुल्लू महतो का केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से मुलाकात



लोकतंत्र की आवाज़
पप्पु गुप्ता , ब्योरो चीफ
धनबाद कतरास। धनबाद के सांसद श्री ढुल्लू महतो ने केंद्रीय गृह मंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को उठाया, जिसमें झारखंड में कानून व्यवस्था और धनबाद में दिनदहाड़े हुई गोलीबारी जैसी घटनाओं पर चिंता जताई गई। उन्होंने कहा कि राज्य में अपराधी बेखौफ हैं और सरकार ट्रांसफर-पोस्टिंग में व्यस्त है।
**कानून व्यवस्था :** सांसद ढुल्लू महतो ने झारखंड की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए।
**अपराध पर चिंता :** उन्होंने धनबाद में हुई दिनदहाड़े गोलीबारी की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि अपराधी बेखौफ हो गए हैं।
सरकार पर सवाल : महतो ने यह भी कहा कि राज्य सरकार ट्रांसफर-पोस्टिंग जैसे कामों में व्यस्त है। यह मुलाकात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से हुई, जिसमें महतो ने धनबाद से संबंधित कई जन समस्याओं को सामने रखा।

### बरटा में स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र का प्रमुख ने किया निरीक्षण




लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
गिद्धौर। प्रखंड अंतर्गत पहरा पंचायत के बरटा गांव में संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरटा तथा आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण प्रखंड प्रमुख अनिता यादव ने मंगलवार को किया ।निरीक्षण के क्रम में कई मामला सामने आया ।प्रमुख अनिता यादव ने बताया कि विद्यालय का रंग रोगन का कार्य चल रहा है ।विद्यालय भवन तथा बरामदे की फर्स टूटी फूटी पाई गई है ।जबकि विद्यालय में मात्र 25 बच्चों की उपस्थिति थी ।वहीं विद्यालय की सचिव बबीता राणा दो दिन से अवकाश में है ।जबकि आंगनवाड़ी केंद्र में निरीक्षण के दौरान सेविका तथा सहायिका केंद्र से गायब थी ।पोषण सखी केंद्र में उपस्थित थी ।दो बच्चे कचड़े के आस पास बैठे थे ।प्रमुख के आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचने की जानकारी होने पर सेविका तथा सहायिका केंद्र पहुंची ।प्रमुख अनिता यादव ने बताया कि केंद्र में बच्चों को दी जाने वाली दलिया में कीड़े देखे गए ।जिससे नाराजगी जताते हुए वरीय अधिकारियों को सूचना करने की बात कही है। एवं जांच कराने कि बात कही है।

# हजारीबाग : शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चिकित्सीय लापरवाही से एक मरीज की हुई मौत

**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मंगलवार सुबह इलाज के दौरान पदमा निवासी चौधरी यादव नामक मरीज की मौत हो गई। चौधरी यादव 30 नवंबर की शाम में हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कीटनाशक दवा का सेवन करने के बाद भर्ती हुए थे। चौधरी यादव की उम्र लगभग 45 साल है एवं परिजनों ने आरोप लगाया है कि इलाज के दौरान लापरवाही से चौधरी यादव की मौत हुई है। चौधरी यादव की मौत के बाद उनके भतीजे रणधीर कुमार यादव ने मीडिया से बातचीत करते हुए यह आरोप लगाया कि डॉक्टर के द्वारा लिखे गए इंजेक्शन जो कि डॉक्टर के पर्चे में लिखा गया था उसके जगह पर गलत इंजेक्शन स्लाइन के माध्यम से मरीज को चढ़ा दी गई और जो मरीज एकदम ठीक था और डॉक्टर से छुट्टी लेकर घर जाने की मांग कर रहे थे उन्हें एकाएक जलन की शिकायत होने लगी और उनकी मौत हो गई।

इस मामले में वह सभी कसूरवारों पर कार्रवाई की मांग की है। इस मामले की सूचना मृतक के परिजनों ने जब हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल को दी गई तो वे संसद के शीतकालीन सत्र में होने के बावजूद



उन्होंने उनसे बात की और अपने लोकसभा क्षेत्र के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी को अस्पताल भेजा। जहां सांसद प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने अस्पताल पहुंचकर मृतकों के परिजनों से घटना की पूरी जानकारी ली और इस पूरे मामले के लिए उन्होंने आउटसोर्सिंग कंपनी के माध्यम से बहाल लोगों पर सवाल खड़ा करते हुए यह कहा कि इस पूरे मामले की जांच होनी चाहिए और जो भी इस पूरे मामले में दोषी हैं उन पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि सांसद मनीष जायसवाल खुद हजारीबाग डीसी शशि प्रकाश सिंह से बात की है और जो भी इस मामले के लिए गुनहगार होंगे उसे पर कार्रवाई होगी। रंजन चौधरी ने सुप्रिटेंडेंट डॉ. अनुकरण पूर्ति से मिलकर इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।

- परिजनों ने लगाया गलत इंजेक्शन देने का गंभीर आरोप, सांसद मनीष जायसवाल ने लिया संज्ञान
- रंजन चौधरी ने आउटसोर्स कर्मियों के योग्यता पर भी उठाया सवाल,

जिसके बाद सुपरिंटेंडेंट के द्वारा तीन चिकित्सकों का एक टीम गठन कर पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी भी यहां परिजनों संग डटे रहे। पोस्टमार्टम के बाद एम्बुलेंस व्यवस्था कराकर शव को उनके आवास भेजवाया गया ।

वही इस पूरे मामले पर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सुपरिंटेंडेंट अनुकरण पूर्ति ने बताया कि मामले की जानकारी प्राप्त हुई है जांच चल रही है और एक टीम बनाकर पोस्टमार्टम भी किया जा रहा है इस पूरे मामले में अगर कोई दोषी होगा तो उसे बक्शा नहीं जाएगा और उसे पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है और मृतक चौधरी यादव के दो लड़के हैं एवं परिवार के सदस्य कार्रवाई के साथ-साथ मुआवजे की भी मांग कर रहे हैं।

सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने एक गंभीर आरोप लगाया कि झारखंड में स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्स स्टॉफ की बहाली में बड़ा धांधली होता है। उन्होंने कहा कि आउटसोर्स द्वारा स्किल्ड पदों पर बहाल किए गए कर्मियों की योग्यता की व्यापक स्तर पर उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। विशेषकर हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लगातार प्रबंधकीय अक्षमता के कारण चिकित्सीय लापरवाही का मामला उजागर होता रहा है। जिसमें अधिकतर वार्डों को आउटसोर्स कर्मियों के भरोसे छोड़ देने के कारण लगातार ऐसी अमानवीय घटनाएं सामने आ रही है जो स्वास्थ्य जैसे पुनीत पेशा को कलंकित करता है और शासन- प्रशासन की बदनामी होती है। उन्होंने यह भी बताया कि इन कर्मियों पर विभागीय अधिकारियों और सीनियर चिकित्सकों का भी अंकुश नहीं हो पाता है और ये मनमानी करने पर उतारू हो जाते हैं।

इससे पहले भी गायनी ओटी से एक मरीज की गिरकर मौत का मामला सहित कई मामले हैं जिसमें चिकित्सीय लापरवाही का मामला उजागर हो चुका है लेकिन ऐसे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर सख्ती बरतने की जरूरत है ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति भविष्य में न हो ।

# दुमका जिला में सड़क सुरक्षा पहली प्राथमिकता



**लोकतंत्र की आवाज**

**सुजीत कुमार,संताल परगना, प्रभारी**
**दुमका।** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा द्वारा सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए गए निर्देश का अनुपालन जिला परिवहन कार्यालय तथा सभी थाना के द्वारा शुरू कर दिया गया है। बैठक में उपलब्ध कराए गए ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से प्रतिदिन वाहन चालकों की जांच की जा रही है। उक्त क्रम में जामा थाना तथा हंसडीहा थाना द्वारा शराब का सेवन कर वाहन चालन करते हुए पकड़े गए वाहन चालकों से जिला परिवहन कार्यालय, दुमका द्वारा जुर्माना राशि वसूली के साथ-साथ उनका लाइसेंस भी सस्पेंड कर दिया गया है। इस प्रकार विगत चार दिनों में कुल 05 वाहन चालकों का लाइसेंस निलंबित किया गया है तथा साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि इस प्रकार की पुनरावृत्ति की जाती है तो उनका लाइसेंस हमेशा के लिए रद्द कर दिया जाएगा।

उपायुक्त के निर्देशानुसार वाहनों की जांच जिला परिवहन पदाधिकारी तथा सभी टश्क के द्वारा भी की जा रही है जहां वाहनों के परमिट, ओवरलोडिंग तथा प्रदूषण मानकों के पालन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मानकों और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों से जुर्माना वसूली भी लगातार किया जा रहा है। माह नवंबर में 15 लाख रुपए से ज्यादा की जुर्माना राशि वसूल की जा चुकी है जबकि लगभग ?500000 से ज्यादा की राशि का ऑनलाइन चालान भी निर्गत किया गया है। जिन वाहनों का ऑनलाइन चालान निर्गत किया जाता है उन्हें ऑनलाइन प्रिक्रया के माध्यम से जुर्माना राशि की अदायगी करनी होती है अन्यथा जुर्माना राशि अदा नहीं करने की स्थिति में उन वाहनों को ब्लैक लिस्ट करने की प्रिक्रया अपनाई जाएगी। साथ ही उपायुक्त द्वारा जिला के सभी दो पहिया वाहन चालकों से यह भी अपील किया गया है कि वे लाइसेंस के साथ तथा वाहन के सभी कागजात के साथ हेलमेट का प्रयोग करें ताकि दुर्घटना की स्थिति में जान-माल के हानि से बचा जा सके।

# झामुमो नेता के प्रयास से अटका पश्चिमी के पड़ाव का जर्जर बिजली तार बदला गया



**लोकतंत्र की आवाज**
**बगोदर गिरिडीह (झारखंड)।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा नेता शत्रुघ्नप्रसाद मंडल के प्रयास से अटका पड़ाव में जर्जर पड़े पुराने बिजली केबल तार को हटाकर उसके जगह सुरिक्षत बिजली के तार लगाए जा रहे हैं ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके और अब ग्रामीणों को बिजली समस्याओं से निजात मिलेगा इसके लिए अटका पड़ाव के ग्रामीणों ने श्री मंडल को आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया।

# गिरिडीह जिला प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर ट्रांसजेंडर पहचान पत्र जारी किया जाएगा

**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ गिरिडीह**
**झारखंड।** उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड की बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने ट्रांसजेण्डर समुदाय के उत्थान के लिए कार्य किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि ट्रांसजेंडर को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिये आवश्यक है कि वे शिक्षित हों, जिससे कि ट्रांसजेंडर समाज का विकास हो। बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों के निर्देशित किया ट्रांसजेंडर समुदाय को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया



जाना चाहिए, इसके लिए एक कमिटी का गठन किया जाएगा। साथ ही जिले के सभी ट्रांसजेंडरों की सामाजिक एवं आर्थिक मैपिंग कराई जाएगी। इसमें उनकी शिक्षा, आजीविका, स्वास्थ्य और जीवन-स्तर की वास्तविक स्थिति दर्ज होगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ट्रांसजेंडर समुदाय को पहचान और अधिकारों से जोड़ने के लिए ठोस कदम उठा रहा है। इसके तहत शीघ्र ही अभियान चलाकर ट्रांसजेंडर पहचान पत्र ( आईडी कार्ड ) जारी किए जाएंगे। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि इस पूरी प्रक्रिया में समुदाय की निजता का सम्मान किया जाए और गोपनीयता परी तरह सुरक्षित रखी जाए।

- सभी ट्रांसजेंडरों को वोटर आईडी आधार कार्ड आधार कार्ड राशन कार्ड सभी लाभ मिलेंगे- उपयुक्त गिरिडीह.

इसके साथ ही सभी ट्रांसजेंडरों की वोटर आईडी, आधार कार्ड, आभा कार्ड, राशन कार्ड व अन्य लाभ दिए जायेंगे। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य ट्रांसजेंडर समुदाय को आत्मनिर्भर बनाना है।

# विष्णुगढ प्रखंड के नवादा गाँव में जिप सदस्य ने किया गार्डवाल निर्माण का शिलान्यास

**लोकतंत्र की आवाज़**

**ब्यूरोची**
**हजारीबाग (झारखंड)।** विष्णुगढ प्रखण्ड अन्तर्गत नवादा गाँव में 15 वें वित्त आयोग के मद से करीमबक्स अंसारी के घर से कादिर अंसारी के घर तक गार्डवाल निर्माण का शिलान्यास विधिवत नारियल फोड़कर जिला परिषद सदस्य ने किया।

श्री शेख ने शिलान्यास कार्यक्रम मे कहा कि काफी दिनों से यहां के ग्रामीणों का मांग था कि इस गार्डवाल को नहीं बनने की वजह से कई वाहन समेत आदमी गिरते हैं और घायल हो जाते हैं। इसलिए रोड के सुरक्षा एवं ग्रामीणों की सुविधा हेतु इस गार्डवाल का स्वीकृति मेरे द्वारा कराया गया जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सहूलियत हो , गार्डवाल शिलान्यास



से स्थानीय ग्रामीणों ने खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हाजी गुलाम मोहम्मद , मजबुल अंसारी , जमरुद्दीन अंसारी , जाकिर अंसारी , हाफिज अंसारी , सैयद अंसारी , करीमबक्स अंसारी , वाहब अंसारी , रिजवान अंसारी , मुहम्मद जमीर , अनवर अंसारी , समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।




# पाकुड़ : उपायुक्त ने बस स्टैंड स्थित आश्रय गृह का किया औचक निरीक्षण

**लोकतंत्र की आवाज़**

**सुजीत कुमार,संताल परगना ,प्रभारी**
**पाकुड़।** उपायुक्त मनीष कुमार ने नगर परिषद, पाकुड़ द्वारा बस स्टैंड परिसर में संचालित आश्रय गृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आश्रयविहीन एवं जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान नगर परिषद, प्रशासक अमरेंद्र कुमार चौधरी ने उपायुक्त को अवगत कराया कि आश्रय गृह में रह रहे सभी आश्रयविहीन व्यक्तियों के लिए बिस्तर, तकिया, ठंड से बचाव हेतु कंबल, मच्छरदानी, स्वच्छ पेयजल एवं शौचालय की निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है।



उपायुक्त ने निर्देश दिया कि आश्रय गृह में नियमित साफ- सफाई सुनिश्चित की जाए और सभी मूलभूत सुविधाएँ सुव्यवस्थित एवं सुदृढ़ रहें ताकि बढ़ती ठंड में आश्रयविहीन एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें सुरक्षित रूप से आश्रय गृह तक पहुँचाया जा सके। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि किसी भी आश्रयविहीन व्यक्ति को खुली जगह पर रात गुजारने से पूर्व तुरंत रेस्क्यू कर आश्रय गृह में सुरक्षित व्यवस्था प्रदान की जाए। निरीक्षण के दौरान नगर परिषद, प्रशासक अमरेंद्र कुमार चौधरी, नगर मिशन प्रबंधक मनीष कुमार मिश्रा तथा आश्रय गृह के केयरटेकर उपस्थित थे।

# कई गांवों में पेयजलापूर्ति की टंकी, चापानल बेकार पानी लिए तरस रहे हैं सलगाडीह के गरीब परिवार





**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ गिरिडीह**
**झारखंड।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्धता की स्थिति बदतर है। सरकार की महत्वाकांक्षी घर-घर नल जल योजना सफल होती नहीं दिख रही। यह योजना सिर्फ दिखावा साबित होकर लोगों को साफ पानी उपलब्ध कराने का लक्ष्य पूरा नहीं कर पा रही हैं।

उक्त बातें पूर्व जिप सदस्य एवं फारवर्ड ब्लाक के जिला संयोजक राजेश यादव ने मधवाडीह पंचायत के सलगाडीह टोला में रहने वाले कई गरीब परिवारों को पानी के लिए हो रही भयंकर दिक्कतों का जायजा लेने के बाद कही। ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि, यहां जलापूर्ति के लिए टंकी बनने के बाद से ही कभी लोगों को पानी नहीं मिला है। जो तीन चापानल थे, वे भी अभी खराब पड़े हुए हैं।

श्री यादव ने संबंधित पीएचईडी विभाग के एसडीओ को फोन कर समस्या की जानकारी दी तथा इसका निराकरण करने की मांग की। साथ ही कहा कि, यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो विभाग के समक्ष आंदोलन किया जाएगा। मौके पर तुलिया देवी, भगवती देवी, बिलसी देवी, मंती देवी, रीता देवी, करमी देवी, फूलकुमारी देवी, रुक्मिणी देवी, राजू पुजहर, कारू पुजहर, तुलसी पुजहर, बालेश्वर पुजहर, महादेव पुजहर, दिनेश पुजहर, अर्जुन पुजहर सहित अन्य मौजूद थे।

# हंटरगंज में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की नई शाखा का

- डिजिटल सेवाओं से ग्राहकों को मिलेगी सुविधा:महाप्रबंधक अनुराग जोशी

**लोकतंत्र की आवाज़**

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**हंटरगंज(चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय के बालिका विद्यालय के समीप गोदोबार में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की नई शाखा का शुभारंभ मंगलवार को हुआ।

बालिका विद्यालय के पास स्थित इस शाखा का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक अनुराग जोशी ,महाप्रबंधक विवेक चंद्र जायसवाल और उप महाप्रबंधक विजय कुमार ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। नई शाखा में ग्राहकों को बुनियादी सुविधाएं दी जाएगी । इनमें



पेयजल, बैठने की व्यवस्था, शौचालय, निकासी और जमा काउंटर शामिल हैं। यह चतरा जिले में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की पंद्रहवीं शाखा है। मुख्य महाप्रबंधक ने बैंक की सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने होम लोन और डिजिटल सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया। महाप्रबंधक ने बताया कि बैंक ग्राहकों को कम समय में सरल तरीके से सभी सुविधाएं देगा। कार्यक्रम में शाखा मकान मालिक विपिन बिहारी सिंह, हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार, ख़ुटीकेवाल मुखिया बृजकिशोर सिंह और रामदेव सिंह को सम्मानित किया गया। शाखा प्रबंधक अजय टोप्पो ने ग्राहकों को हर संभव मदद का वादा किया। समारोह में क्षेत्रीय प्रबंधक प्रसून कुमार, मुख्य प्रबंधक संवेदना सिंह, मेराज अहमद, समर श्री वास्तव,समेत कई कर्मचारी और खाताधारक भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी

लोकतंत्र की आवाज
संवाददाता गौहर अनवार



मेरठ। किठौर थाना क्षेत्र में विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर मोटी रकम ऐंठने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ितों ने बताया कि कुछ लोगों ने वर्क वीजा का झांसा देकर उनसे लाखों रुपये की वसूली कर ली। लेकिन बाद में जब दस्तावेजों की जांच कराई गई तो पूरा मामला धोखाधड़ी का निकला। पीड़ितों का कहना है कि आरोपियों ने उन्हें विदेश में अच्छी नौकरी और आकर्षक वेतन का लालच देकर भरोसा जीत लिया था। दस्तावेज मिलने के बाद उन्हें शक हुआ और विशेषज्ञों से जांच कराई गई। जांच में खुलासा हुआ कि जारी किया गया वीजा वर्क वीजा नहीं बल्कि टूरिस्ट वीजा है, जो नौकरी के लिए मान्य नहीं होता। जब पीड़ितों ने इसका विरोध किया और अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपियों ने उन्हें धमकाना शुरू कर दिया और पैसे लौटाने से साफ इन्कार कर दिया। इससे पीड़ितों में रोष है। उन्होंने किठौर थाना पुलिस से लिखित शिकायत कर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ितों ने कहा कि अगर समय रहते जाँच ना कराई जाती तो वे विदेश जाकर फंस सकते थे। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### बिजनौर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल

लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह



नगीना। शराब के पास कैंटीन की दो लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर फरार हो गए घायल ने अपना मेडिकल कराकर पुलिस को नाम जड़ तेहरीर देकर आरोपियो के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही किये जाने की गुहार की है। थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मपुरा निवासी कपिल कुमार पुत्र नैन सिंह थाना प्रभारी को दीतहरीर में कहां की वह ग्राम कलाखेड़ी मैं स्थित शराब ठेके की पास कैंटीन की दुकान पर कार्य करता है। रवीश पुत्र अज्ञात निवासी लाइन पर काली की मूर्ति के पास जो रात में कैंटीन पर आया उसे किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई थी जिससे नाराज होकर रवीश कुमार अपने एक दोस्त कैसे लेकर रात्रि करीब 10 बजे आया और उसको देख कर गंदी गंदी गालियां देने लगे कपिल के विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। रवीश ने चाकू से व उसके दोस्त ने धारदार हथियार से बार किया जिसमें कपिल के सर, नाक, माथे पर खुली चोटे आने से गंभीर रूप से घायल कर दिया, शोर मचाने पर मोहम्मद अल लोगों ने बचाया छुडाया वरना पहलू जान से मार डालते। घायल कपिल अपने परिजनों को साथ लेकर नगीना थाने पहुंचा जहां पुलिस में पहले मेडिकल कर इसके बाद घायल कपिल कुमार ने थाना प्रभारी अवनीत मान को रवीश कुमार उसके दोस्त के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर दोनों आरोपियों को जेल भेजे जाने की गुहार की है। उधर थाना प्रभारी अवनीश मान बताया कि तहरीर के आधार पर और उपयोग के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर।

### तीसरे दिन शाहाबाद नगर पालिका परिषद द्वारा 103 बंदरों को पकड़कर जंगल में छोड़ा गया

लोकतंत्र की आवाज



शाहाबाद हरदोई। शाहाबाद नगर पालिका परिषद द्वारा पिछले तीन दिनों से बंदर पकड़ने का कार्य किया जा रहा है। मंगलवार को सुबह 8 :00 बजे से दोपहर 12 :00 तक 103 बंदरों को पकड़ा गया है। नगर पालिका परिषद द्वारा मथुरा से एक टीम बुलाई गई है जो बंदरों को पकड़ने का कार्य कर रही है । पिछले काफी दिनों से बंदरों के बढ़ते हुए आतंक के कारण शहर वासी और किसान काफी परेशान थे। नगर पालिका परिषद से लगातार बंदरों को पकड़वाने की मांग की जा रही थी। उसी क्त्रम में नगर पालिका परिषद द्वारा मथुरा से बंदर पकड़ने की एक टीम बुलाकर बंदरों को पकड़वाने का कार्य किया जा रहा है। मंगलवार को पालिका कर्मचारी रंजीत सिंह की देखरेख में टीम ने मोहल्ला चौक में जाल लगाकर लगभग 103 बंदरों को पकड़ा जिन्हें गोला गोकर्णनाथ के जंगलों में छोड़ दिया गया। बंदरों की संख्या कम होने की वजह से शहर वासी काफी राहत महसूस कर रहे हैं।

# सवाई माधोपुर के नगर आयुक्त और जिला कलेक्टर के विरुद्ध राजा भईया ने ठोका दो लाख की बसूली का मुकदमा, महकमे में हड़कम

## कानून से ऊपर कोई नहीं फिर चाहे वो नगर आयुक्त हो या जिला कलेक्टर : राजा भईया

लोक तंत्र की आवाज




(विशेष संवाददाता)
**राजस्थान।** राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले के नगर परिषद आयुक्त को शुल्क वसूल कर भी दस्तावेजों की नकल, सत्यप्रियाँ ना देना भारी पड़ गया इस संदर्भ में भुगतभोगी दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट एवं हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह तोमर राजा भईया ने नगर आयुक्त सहित जिला कलेक्टर पर उन्हें हुई क्षति पूर्ति के लिए दो लाख रुपए की बसूली का मुकदमा जिले की सिविल जज की अदालत में दायर किया है जिस पर सभी दस्तावेजों का अवलोकन करने और परिवादी की बहस सुनने के बाद सिविल न्यायाधीश रूपेंद्र कौर ने नगर आयुक्त एवं जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर के विरुद्ध सम्मन जारी करते हुऐ 16/12/2025 को लिखित जवाब दाखिल करने के आदेश पारित किए हैं, राजा भईया ने आज पत्रकारों को कोर्ट आदेश की सत्यप्रति देते हुए बताया कि उन्होंने पिछले दिनों सौ रुपए का भुगतान भारतीय पोस्टल आर्डर के माध्यम से नगर आयुक्त को करते हुऐ एक आवेदन भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 की धारा 74 एवं 75 के तहत दायर कर कुछ पब्लिक दस्तावेजों की नकल, सत्यप्रियाँ उनसे मांगी थी जो उनके कार्यालय में मौजूद हैं।

शुल्क वसूलने के बावजूद नगर आयुक्त ने समय सीमा के भीतर उन्हें दस्तावेजों की सत्य प्रतियां, नकल जान बुझ कर भ्रष्टाचार छुपाने के लिए उपलब्ध नहीं कराई ना ही कोई जवाब दिया जिस पर उन्होंने नगर आयुक्त एवं जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर को रजिस्टर्ड डॉक द्वारा कानूनी नोटिस भेजते हुए उन्हें हुई छाति पूर्ति के लिए तीन लाख रुपए आदा करने और मांगे गए दस्तावेजों की नकल देने की मांग की थी परन्तु ना तो उन्हें समय रहते दस्तावेजों की नकल दी गई और ना ही उनके भेजे कानूनी नोटिस का कोई जवाब ही उक्त दोनों अधिकारियों ने दिया, मजबूरन उन्होंने पुनः एक रिमाइंडर कानूनी नोटिस भी उक्त दोनों अधिकारियों को रजिस्टर्ड डॉक द्वारा चेताते हुऐ भेजा फिर भी उन्हें दस्तावेजों की नकल नहीं दी और रिमाइंडर कानूनी नोटिस का भी कोई जवाब नहीं दिया, इससे क्षुब्ध हो कर उन्होंने न्यायालय में सिविल वाद दायर कर उक्त कार्यवाही की है।

इससे पूर्व इसी प्रकरण में राजा भईया ने एक आपराधिक इस्तगासा भी उक्त नगर आयुक्त एवं नगर परिषद के संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध उनसे धोखा धडी करने, विश्वासघात करने, सरकारी आदेशों की पालना ना करने एवं लोकसेवक के दायित्वों की पालना ना करने के सन्दर्भ में एसीजेएम सवाई माधोपुर की कोर्ट में दायर किया हुआ है जो कि न्यायालय में विचाराधीन है इस घटना से पूरे नगर परिषद और जिला कलेक्टर कार्यालय में हड़कंप मचा हुआ है अब सभी की निगाहें आगामी कोर्ट की तारीख पर लगी हुई है राजा भईया ने यह भी कहा कि कानून से ऊपर कोई नहीं है फिर चाहे वो नगर आयुक्त हो या जिला कलेक्टर।

## दाउदनगर (औरंगाबाद) कपड़ा दुकान में लगी आग करोड़ों की सम्पत्ति जलकर राख



लोकतंत्र की आवाज

**गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**
**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर शहर के दुर्गा पथ स्थित एक कपड़ा दुकान के गोदाम में भीषण आग लगाने से लगभग एक करोड़ की संपत्ति जलकर खाक हो गई है। जानकारी के अनुसार, बजाजा रोड निवासी कपड़ा दुकानदार गुप्तेश्वर प्रसाद के वार्ड संख्या 13 स्थित गोदाम में देर रात करीब 11:30 बजे अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया।


घटना की सूचना मिलते ही दाउदनगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए औरंगाबाद, रफीगंज दाउदनगर और ओबरा से अतिरिक्त दमकल वाहनों को बुलाया गया। दमकल कर्मियों ने लगभग दस घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया हालांकि आग लगने के सटीक कारणों का पता नहीं चल सका है, लेकिन प्रारंभिक अनुमान में शॉर्ट सर्किट को वजह बताया जा रहा है। दुकान संचालक गुप्तेश्वर प्रसाद ने बताया कि गोदाम पूरी तरह भरा हुआ था, जिसमें कपड़ा, साड़ी, धोती, गमछा, कंबल समेत ऊनी व अन्य वस्त्र रखे हुए थे। अचानक लगी आग की सूचना पाकर वे तुरंत गोदाम पहुंचे, लेकिन तब तक लपटें तेज हो चुकी थीं।

दुकान मालिक द्वारा थाना को दिए गए आवेदन में कहा गया है कि मकान और गोदाम में लगी आग से लगभग एक करोड़ रुपए की संपत्ति नष्ट हो गई है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि इस मामले में सनहा दर्ज कर लिया गया है।घटना के बाद जन सुराज पार्टी के राज्य कोर कमिटी सदस्य नंदकिशोर सिंह ने पीड़ित दुकानदार से मुलाकात की और दुख व्यक्त किया। वार्ड संख्या 22 के पार्षद डॉ. केदारनाथ सिंह और वार्ड संख्या 13 के पार्षद प्रतिनिधि कृष्णा केसरी ने भी घटना स्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी।

# बिहटा में दिनदहाड़े जमीन कारोबारी पर हमला, 11 लाख रुपए और सोने की चेन भी छीनी

लोकतंत्र की आवाज





**संवाददाता विनोद प्रसाद**
**पटना, बिहटा।** थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम दिनदहाड़े एक जमीन कारोबारी और उनके पार्टनर पर बाइक सवार अपराधियों ने हमला कर दिया। कारोबारी अभिषेक कुमार सिन्हा के मुताबिक विशंभरपुर पेट्रोल पंप के पास घटना हुई, जिसमें अपराधियों ने 11 लाख रुपये नकद और दो सोने की चेन छीन ली। लूटी गई चेन की कीमत लगभग 5 लाख रुपये बताई।

कारोबारी अभिषेक सिन्हा और उनके पार्टनर अपनी स्कॉर्पियो से दानापुर जा रहे थे। विशंभरपुर पेट्रोल पंप के पास पहुंचते ही अचानक बड़ी संख्या में बाइक सवार युवकों ने उनकी गाड़ी पर ईंट—पत्थर से हमला कर दिया। इस दौरान जान बचाकर भागने की कोशिश के बीच अपराधियों ने गाड़ी में रखे रुपये और अभिषेक सिन्हा के गले से सोने की चेन छीन ली। स्कॉर्पियो में मौजूद अनिल सिंह ने बताया कि वे सभी ऑफिस से एक जमीन के एग्रीमेंट के लिए जा रहे थे। गाड़ी में एग्रीमेंट के कागजात और 11 लाख रुपये नकद थे। उन्होंने यह भी बताया कि हमला करने वाले कुछ बाइक सवार बिशनपुरा के ही रहने वाले थे।

**अस्पताल में दोनों का चल रहा इलाज :** घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। घायलों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर बिहटा में बढ़ते जाम को लेकर पुलिसकर्मी तैनात थे, लेकिन घटना के बाद पुलिस देर से पहुंची। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि फिलहाल बाइक सवार अपराधियों की पहचान को लेकर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। घटना को लेकर जमीन कारोबारी से पूछताछ की जा रही है। हालांकि स्कॉर्पियो में कितने रुपए कैश थे यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। आवेदन आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

# औरंगाबाद - हसपुरा में अवैध क्लिनिक, नर्सिंग होम व अल्ट्रासाउंड संचालकों के खिलाफ चला प्रशासन का डंडा

लोकतंत्र की आवाज



**गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**
**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड मुख्यालय में चल रहे धड़ल्ले से अवैध क्लिनिक और अल्ट्रासाउंड संचालकों के खिलाफ मंगलवार को जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं स्थानीय प्रशासन के द्वारा छापेमारी कर कारवाई की गई है। इस दौरान हसपुरा बाजार स्थित कनाप रोड के ग्रीन हाउस के पीछे अवस्थित आस्था क्लिनिक एवं डॉ.लीला शर्मा के मकान अवस्थित डॉ.रंजीत कुमार के क्लिनिक को जिला से आए सीएस प्रतिनिधि डॉ.सुरेन्द्र कुमार, हसपुरा अंचलाधिकारी कौशल्या कुमारी, हेल्थ मैनेजर हेमंत रंजन, आईओ रवि रंजन , क्लर्क के.पी वर्मा ने जांच कर अग्रिम कार्रवाई की है।

सीएस प्रतिनिधि डॉ.सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि आस्था अस्पताल में इलाज के लिए तीन मरीजों को पाया गया। उन्होंने बताया की तीनों मरीजों को किसी तरह की ईलाज सबंधित बात करने से इनकार कर गया।जांच के समय अस्पताल में किसी कर्मी को नहीं पाया गया। तत्पश्चात तीनों मरीजों को एंबुलेंस द्वारा हसपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया और आस्था क्लिनिक को सील कर दिया गया।वहीं डॉ.रंजीत कुमार के क्लिनिक की छापेमारी कर सील कर दिया है।जिला से आए स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। इसके पूर्व में हसपुरा बाजार के गायत्री अल्ट्रासाउंड के अलावा कई निजी क्लिनिकों की जांच के दौरान बंद पाया गया था। ऐसे में लगातार निजी क्लिनिक के प्रति प्रशासन का डंडा चल रहा है।जांच चलने से क्षेत्र में फल फूल रहे अवैध निजी क्लिनिक संचालकों एवं अल्ट्रासाउंड संचालकों में काफी हड़कंप मचा हुआ है।

# जालौन में बदमाशों व पुलिस के बीच मुठभेड़, बिहार के 4 बदमाशों का एनकाउंटर

लोक तंत्र की आवाज



**उरई।** जनपद जालौन में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में सोमवार की रात 4 बदमाशों का एनकाउंटर कर दिया। चारों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की। चारों के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

दरअसल, चारों बदमाश बिहार के बेगूसराय से रहने वाले हैं। कल रात 8 बजे कोंच कोतवाली क्षेत्र के भेंड़—दिरावटी मार्ग पर चारों को पुलिस मुठभेड में पुलिस ने दो को गोली मारकर पकड़ लिया। लेकिन दो बदमाश फरार हो गए थे। इसके 3 घंटे बाद पुलिस ने जालौन कोतवाली क्षेत्र में ही बाकी फरार दो और बदमाशों को मुठभेड़ में गोली मारकर पकड़ लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंच कोतवाली क्षेत्र के भेंड़—दिरावटी मार्ग पर शाम को एसओजी/सर्विलांस और कोंच पुलिस को सूचना मिली कि बिहार से जुड़े एक कुख्यात गिरोह के चार सदस्य दो मोटरसाइकिलों पर लूट की साजिश रच रहे हैं। चेकिंग के दौरान पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी।

जवाबी कार्रवाई में धर्मेंद्र कुमार (26) पुत्र राजाराम शाह और मोतीलाल (28) पुत्र रामदेव शाह, निवासी बऊआरा, थाना बखरी, जिला बेगूसराय (बिहार) गोली लगने से घायल हो गए। दोनों को पुलिस ने दबोच लिया, जबकि उनके दो साथी अंधेरे में भाग निकले। गिरफ्तार अपराधियों पर अयोध्या के रौनाही थाने सहित कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। जांच में यह भी सामने आया कि यह गिरोह उरई में किराए पर कमरा लेकर महीनों से चोरी, छिनैती और टप्पेबाजी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। यही गिरोह 27 नवंबर को कोंच में एक महिला के जेवर छीनकर फरार हुआ था।

पुलिस को इनके पास से दो तमंचे, जिंदा कारतूस, एक पल्सर बाइक, दो पिट्ठू बैग, जेवर साफ करने के उपकरण, केमिकल और लूटे गए सोने—चांदी के आभूषण मिले।

### महिला की चेन लूटने वाला बदमाश 7 घंटे में ढेर, शामली में बावरिया गिरोह के सरगना को पुलिस ने घेरा तो कार्बाइन से की फायरिंग

**दूसरी मुठभेड़: जालौन में फरार दोनों बदमाश भी पकड़े गए :** कोंच की मुठभेड़ में भागे दोनों बदमाशों की तलाश में एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने पूरे जिले में नाकाबंदी और सघन चेकिंग के निर्देश दिए। रात करीब 11:30 बजे कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि संदिग्ध बदमाश कोंच रोड से जालौन की ओर बढ़ रहे हैं।

जालौन कोतवाली और सिरसा कलार पुलिस ने पावर हाउस के पास घेराबंदी की। थोड़ी देर बाद मोटरसाइकिल से आ रहे दो युवकों को रोकने पर उन्होंने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश के पैरों में गोली लगने से गिर पड़े।

घायल बदमाशों की पहचान सुनील शाह (35) पुत्र सुबक शाह, रोशन कुमार (21) पुत्र उपेंद्र शाहनिवासीः बऊआरा, थाना बखरी, जिला बेगूसराय (बिहार) के रूप में हुई। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये भी यूपी के कई जिलों में लूट और नकबजनी की घटनाओं में वांछित बताए गए हैं।

**गिरोह का बड़ा नेटवर्क सामने आया:** एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि सोमवार की रात हुई दोनों मुठभेड़ों से अंतरराज्यीय गिरोह का गहरा नेटवर्क उजागर हुआ है। गिरोह के ठिकाने, गतिविधियों और स्थानीय सहयोगियों की तलाश जारी है। कोंच और जालौन से मिले सबूत बताते हैं कि यह समूह लंबे समय से जिले में स्त्रिरय था। जिले में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। एसपी ने कहा— अपराधियों के लिए जिले में कोई स्थान नहीं है, अभियान पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा।

# हरिद्वार में मिला शादी की पहली ही रात घर से भागा दूल्हा बोला- बेचैनी होने पर घर छोड़ा

लोकतंत्र की आवाज



**रिपोर्ट रोहित कुमार**
**मेरठ।** मोहसीन का बुधवार को खतौली निवासी युवती से शादी हुई थी। सुहागरात के दिन ही वह अचानक लापता हो गया। परिजनों ने बताया कि बुधवार रात लगभग एक बजे मोहसीन कमरे से बल्ब लाने की बात कहकर गया, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटा था। नगर के मोहल्ला ऊंचापुर में बीते बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुआ दूल्हा मोहसीन उर्फ मोनू, पुत्र सईद हरिद्वार से सकुशल बरामद हो गया।

पुलिस के अनुसार, पूछताछ में दूल्हे ने बताया कि बैचेन होने के कारण वह घर से चला गया था। इसके बाद पुलिस ने कागजी कार्रवाई कर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार मोहसीन का बुधवार को खतौली निवासी युवती शादी हुई थी। सुहागरात के दिन ही वह अचानक लापता हो गया। परिजनों ने बताया कि बुधवार रात से लगभग एक बजे मोहसीन कमरे से बल्ब लाने की बात कहकर गया, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटा। पुलिस ने तलाश शुरू की, जिसमें दौराला गंगनहर पुल पर सीसीटीवी फुटेज में वह रात 1रू42 बजे देखा गया। इसके बाद पुलिस ने गंगनहर में डूबने की आशंका जताते हुए रविवार को पीएसी के गोताखोरों से अभियान चलाया। सोमवार को मोहसीन ने अपने परिजनों के मोबाइल पर कॉल कर हरिद्वार में होने की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस और परिजन हरिद्वार पहुंचे और शाम तक उसे थाने लेकर आए। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में मोहसीन ने बताया कि शादी के बाद सुहागरात के दिन वह बैचेन महसूस कर बृहस्पतिवार सुबह नानू पुल से बस में हरिद्वार चला गया। वहां वह होटल में रुका, लेकिन पैसे खत्म होने के कारण दो दिन भूखा रहा। फिलहाल पुलिस ने पूछताछ कर उसे सुरक्षित रूप से परिजनों को सौंप दिया है।

# भाजपा द्वारा उर्विजा दीक्षित को पुनः दूसरी बार जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर लोगों ने दी बधाई

लोकतंत्र की आवाज



**उरई।** जनपद जालौन में भाजपा पार्टी द्वारा उर्विजा दीक्षित को पुनः जिला अध्यक्ष बनने पर हृदय से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। वही नारी शक्ति को भारत सरकार द्वारा बढ़ावा दिया जा रहा और महिलाओं जागरूक किया जा रहा जिसमे प्रदेश में योगी जी और देश मे मोदी जी की डवल इंजन की सरकार द्वारा महिलाओं को सबसे पहले जोड़ने का कार्य कर रही और उन्हें रोजगार देने का काम किया जा रहा।

इसी क्रम में जनपद जालौन में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार ने उर्विजा दीक्षित पर पुनः भरोसा जताया और उन्हें जिले की बड़ी जिम्मेदारी दी और पुनः भरोसा जताते हुए जिलाध्यक्ष बनाया जिनके जनपद में प्रथम आगमन पर रामपुरा ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर ने जोर दार स्वागत किया और बधाई दी तो वही माधौगढ़ ब्लॉक प्रमुख मोहित दोहरे, और जालौन ब्लॉक प्रमुख ने राम राजा सिंह निरंजन, ने बुंदेल खंड एक्सप्रेस बे पर पहुंच छिरिया सलेमपुर कट पर पहुंचकर फूल माला पहना कर जोर दार स्वागत किया तो वही जालौन नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने सरदार पटेल चौराहे पर अपने साथियों के साथ पहुंचकर स्वागत किया उर्विजा दीक्षित ने नारी शक्ति का अद्भुत प्रतीक हैं। अपने प्रथम कार्यकाल में आपने जिस निष्पक्ष ,समर्पण और संगठन के प्रति अटूट निष्ठा के साथ कार्य किया, उसी का परिणाम है कि पार्टी नेतृत्व ने पुनः आप पर अपना विश्वास जताया। यह आपके अथक परिश्रम, मजबूत नेतृत्व क्षमता और जनसेवा के प्रति आपकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। दीदी को पुनः हृदय से ढेर सारी हार्दिक बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ। अजीत सिंह सेंगर, पूर्व विधायक संतराम सिंह सेंगर, पुष्पेंद्र सेंगर सहित अन्य कार्यकर्ताओ ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी

### बधाई देने वालों में ब्लॉक प्रमुख रामपुरा अजीत सिंह सेंगर , ब्लॉक प्रमुख जालौन राम राजा सिंह निरंजन, ब्लॉक प्रमुख माधौगढ़ मोहित दोहरे आदि शामिल हैं

# सोनपुर मेला क्षेत्र के थियेटरों में छापेमारी कर 5 नाबालिगों को कराया मुक्त

लोकतंत्र की आवाज



**छपरा (सारण)।** बिहार में अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने में पुलिस विभाग हमेशा तैयार रहती है। लेकिन आर्केस्ट्रा या थियेटर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से उनलोगो कानोबल काफ़ी बढ़ा हुआ है। तभी तो नाबालिग युवतियों को अपने यहां रख कर अश्लील डांस या धंधा चलाया जाता है। हालांकि सारण पुलिस इन दोनों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करती नजर आ रही है। इसी कड़ी में सोनपुर मेला में संचालित थियेटर संचालकों के खिलाफ सोमवार की देर रात्रि को सारण पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। इस संबंध में बताया जाता है कि एशिया के सबसे बड़े और ऐतिहासिक हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला में संचालित थियेटरों में लगातार शिकायतें आने के बाद भी थियेटर संचालकों पर प्रशासन की सख्ती का अपेक्षित असर देखने को नहीं मिल रहा है। कई दिनों से चर्चा और चेतावनियों के बावजूद थियेटर संचालक नियमों व कानूनों की धज्जियां उड़ाते दिख रहे हैं। इसका बड़ा उदाहरण रविवार को तब देखने को मिला जब सारण पुलिस ने सोनपुर मेला क्षेत्र में स्थित विभिन्न थियेटरों पर एक साथ छापेमारी की और वहां से 5 नाबालिगों को मुक्त कराया।

विगत दिनों सोनपुर मेला में थियेटर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पूर्व में कई बार स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा गया था कि किसी भी थियेटर में नाबालिगों की उपस्थिति या उनकी संलिप्तता होने की सूचना या जानकारी मिलती है तो थियेटर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। लेकिन इसके बावजूद नाबालिगों का मिलना आम बात होती जा रही है, जो इस बात का संकेत है कि संचालकों पर प्रशासनिक कार्रवाई का डर कम होता नज़र आ रहा है। कल देर रात्रि में पुलिस की छापेमारी के दौरान दो थियेटरों में नाबालिग युवतियां पाई गई है। जिसके बाद दोनों संचालकों के खिलाफ विधि— सम्मत प्राथमिकी दर्ज की गई है। सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने बयान जारी कर बताया है कि मेला क्षेत्र में किसी भी तरह की अवैध गतिविधि, बाल शोषण अथवा कानून— विरुद्ध कार्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थाना एवं मेला पुलिस को लगातार निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया गया है ताकि कोई भी संचालक नियमों का उल्लंघन न कर सके।

हालांकि सारण पुलिस ने सोनपुर के अनुमंडल पदाधिकारी, को दोनों थियेटरों का लाइसेंस रद्द करने और उन्हें बंद कराने का प्रस्ताव भेजा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीओ ने त्वरित निर्णय लेते हुए दोनों थियेटरों के लाइसेंस रद्द कर दिया है। साथ ही उन्हें तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया गया। पुलिस ने बताया कि किसी भी हालत में थियेटरों में नाबालिगों का प्रवेश, निवास या सहभागिता अस्वीकार्य है। इस संबंध में सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने बताया कि आगे भी ऐसे थियेटरों, दुकानों एवं अन्य गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी, जहां नाबालिगों के शोषण या उनके अधिकारों के हनन की आशंका हो सकती है। लगातार कार्रवाई से उम्मीद की जा रही है कि मेला क्षेत्र में अनुशासन और सुरक्षित माहौल सुनिश्चित हो सकेगा। सारण पुलिस ने लोगों से भी अपील की है कि यदि किसी स्थान पर नाबालिगों से संबंधित किसी तरह की अवैध गतिविधि दिखे तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा

### दो थियेटर एवं उनके संचालकों के खिलाफ़ कराई गई प्राथमिकी दर्जः एसएसपी

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।